RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 159 | FRIDAY 19-06-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

### गुस्ताखी माफ



मोदी चिंता ना करें, हम हैं पक्के यार।
कोई भी हमला करे, हम झेलेंगे वार।
हम झेलेंगे वार, ट्रंप का पक्का वादा।
कौन करे चूं-चपड़, यहां के हम हैं दादा।
कह साहिल कविराय, ट्रंप जी बड़े विनोदी।
टैरिफ को दो भुला, यार हम पक्के मोदी।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल




# एक महीना पहले दिवालिया घोषित सिल्वर मोड के मालिक ने आखिर कैसे खरीदी करोड़ों की जमीन!

## डायवर्सिफिकेशन एवं मिसयूज ऑफ फंड मामला : बैंक लोन के पैसे से खरीदी रोयलिस्टा की जमीन अब सूए की सरकारी जमीन पर टिक्की नजरें . ED और CBI जाँच की उठी मांग

लुधियाना/यूटर्न/18 जून। एक व्यक्ति एक महीना पहले दिवालिया घोषित होता है। आईडीएफसी बैंक द्वारा उसकी कोठी और फैक्ट्री सीज कर दी जाती है। लेकिन वहीं व्यक्ति मात्र एक महीने बाद ही पॉश इलाके में करोड़ों रुपए की जमीन लेकर वहां आलीशान मार्केट बनाने लग जाए, तो यह किसी जादू से कम नहीं है। ऐसा ही एक जादू लुधियाना में देखने को मिला। जहां रॉयलिस्टा कंपनी के मालिक गुरदेव नगर के रविंदर कुमार सचदेवा एक महीना पहले चार मई को दिवालिया घोषित हो गए, लेकिन अगले महीने ही उन्होंने मल्हार रोड पर हीरो बेकरी के साथ द लग्जरियस सेंट्रम बाय रॉयलिस्टा नामक कमर्शियल प्रोजेक्ट का निर्माण शुरू कर डाला। अब यह चचाएं छिड़ गई है कि उक्त कारोबारी द्वारा बैंक को भी गच्चा दिया जा रहा है। यह भी चचाएं सामने आई हैं कि कारोबारी रविंदर सचदेवा ने दो अलग-अलग फर्मों खड़ी कर बड़ा हेरफेर किया है। जिसमें एक फर्म से लोन लेकर पैसा इकट्ठा किया और दूसरी फर्म से नए निर्माण शुरू कर दिए। फिर पहली फर्म दिवालिया घोषित कर दी। उसने डायवर्सिफिकेशन ऑफ फंड स्कीम इस्तेमाल की। चर्चा है कि आईडीएफसी बैंक को रविंदर सचदेवा की सभी फर्मों की जांच विजिलेंस या ईडी से करवानी चाहिए, जिससे बड़े खुलासे हो सकते हैं। इसी के साथ साथ बैंक की रिकवरी भी हो सकेगी।









दिवालिया घोषित होने के एक महीने बाद रविंदर सचदेवा द्वारा बनाया जा रहा कमर्शियल प्रोजेक्ट



गारमेंट कारोबारी रविंदर सचदेवा

### एक कंपनी पर लोन ले दूसरे में करता रहा इन्वेस्ट

चर्चा है कि रविंदर सचदेवा द्वारा शातिर तरीके से कारोबार किया जा रहा था। उसकी और से पहले सिल्वर मोड नामक ब्रांड एस्टेब्लिश किया। वह पहले कैलीबर प्लाजा के पास गारमेंट फैक्ट्री चलाता था। वहीं पर सिल्वर मोड का शोरुम था। फिर फैक्ट्री को पंजाब माता नगर शिफ्ट कर दिया गया। वहीं इसकी कोठी सराभा नगर के ब्लॉक-ए में मौजूद थी। चर्चा है कि बैंक द्वारा पुरानी फर्मों पर ज्यादा लोन दिया जाता है, जिसके चलते रविंदर सचदेवा ने शातिर तरीके से बैंक से सिल्वर मोड फर्म पर लोन लिया। उसका सारा पैसा रॉयलिस्टा नामक नई फर्म एस्टेब्लिश कर उसमें इन्वेस्ट कर दिया। फिर मल्हार रोड पर शोरुम भी खोला।

### बैंक का कर्ज चुकाने की जगह खरीदी जमीन

चर्चा है कि रविंदर सचदेवा की और से रॉयलिस्टा शोरुम बेचकर बैंक का कर्ज चुकाने की जगह हीरो बेकरी के साथ जमीन खरीद ली, जिसमें काफी हिस्सा सरकारी जमीन पर कब्जा है। जिसके बाद बैंक द्वारा अपना पैसा ज्यादा से ज्यादा वापिस लेने के मकसद से चार मई को रविंदर सचदेवा की सराभा नगर ब्लॉक-ए कोठी और पंजाब माता नगर स्थित फैक्ट्री को सीज कर दिया। हालांकि चर्चा है कि बैंक की रिकवरी बाकी है।

### बैंक की कार्रवाई के दौरान किया हाईवोल्टेज ड्रामा

वहीं चर्चा है कि बैंक ने पहले ही रविंदर सचदेवा को कोठी व फैक्ट्री सीज करने का नोटिस जारी कर दिया था। जिसके बाद टीम सुरक्षा प्रबंधों समेत मौके पर पहुंची। लेकिन सचदेवा द्वारा शातिर तरीके से पहले ही घर पर धार्मिक समागम आयोजित कर पवित्र श्री ग्रंथ साहिब जी घर रख लिए। ताकि बैंक कर्मी एक्शन लें तो वे मामले को धार्मिक भावनाओं के साथ जोड़कर इस कार्रवाई को रोक सके। लेकिन बैंक कर्मियों ने भी आइडिया लगाया और धार्मिक स्थल के सेवादारों को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद सेवादारों ने धार्मिक ग्रंथ साहिब जी को वहां से हटवाया और अपनी कार्रवाई पूरी की।

### ईडी ऐसे घोटालों को ही करती है उजागर

- चर्चा है कि रविंदर सचदेवा द्वारा पूरी फेमिली के साथ मिलकर यह नेक्सस चलाया जा रहा है। सचदेवा द्वारा जैसे एक फर्म पर बैंक से लोन लेकर सारा पैसा दूसरी फर्मों में लगाकर और पहली फर्म को दिवालिया घोषित कर दिया गया, यह मामला डायवर्सिफिकेशन ऑफ फंड का है। ऐसे ही घोटालों को ईडी उजागर करने में माहिर है। चर्चा है कि ईडी और विजिलेंस को इस मामले की भी जांच करनी चाहिए। जिसमें करोड़ों रुपए का लेनदेन सामने आने की उम्मीद है।

### आखिर कहा से आया जमीन खरीदने का पैसा

- बता दें कि रॉयलिस्टा द्वारा बनाए जा रहे कमर्शियल प्रोजेक्ट की जो जमीन है, उसकी कीमत करोड़ों रुपए है। हालांकि उसमें काफी मात्रा में सरकारी जमीन पर कब्जा है। हीरो बेकरी से लेकर सिटी मॉल तक सभी बिल्डिंग मालिकों ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। लेकिन चर्चा छिड़ गई है कि अगर रविंदर सचदेवा डिफाल्टर हो गया था, तो उसने करोड़ों की जमीन कैसे खरीद ली। रविंदर सचदेवा खुद यह क्लियर कर चुके हैं कि वे कमर्शियल प्रोजेक्ट उनका है। अगर पैसा था तो दिवालिया घोषित क्यों हुए, अगर दिवालिया हुए तो एक महीने बाद ही पैसा कहा से आ गया, यह जांच का विषय है।

# CA Final में लुधियाना के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, 79 अभ्यर्थी बने चार्टर्ड अकाउंटेंट

लुधियाना /यूटर्न/18 जून। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) की लुधियाना शाखा ने हाल ही में घोषित उअ Final परीक्षा परिणामों में शहर के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त की है। शाखा के अनुसार इस वर्ष लुधियाना परीक्षा केंद्र से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर शहर का नाम रोशन किया है।



City Rank 1 – Manvi Goyal



City Rank 2 – Tanveer Kaur



City Rank 3 – Rinku Kumar



City Rank 4 – Amit



City Rank 4 – Vishesh Grover

शहर स्तरीय परिणामों में मानवी गोयल ने 415 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। तनवीर कौर 409 अंकों के साथ दूसरे और रिंकू कुमार 408 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं अमित और विशेष ग्रोवर ने 370-370 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से चौथा स्थान हासिल किया।

लुधियाना परीक्षा केंद्र के आंकड़ों के अनुसार कुल 338 अभ्यर्थियों ने CA Final परीक्षा दी थी, जिनमें से 79 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवारों के सहयोग का प्रतिबिंब माना जा रहा है।

ICAI लुधियाना शाखा के चेयरमैन सीए विकास गोयल ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंसी देश के सबसे प्रतिष्ठित पेशों में से एक है और इन विद्यार्थियों की सफलता अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

उन्होंने कहा कि शाखा भविष्य में भी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

## गुरुग्राम आईवीएफ डीएनए झटकाः क्या होगा अगर और माता-पिता डीएनए टेस्ट कराने लगें?

गुरुग्राम के एक दंपति से जुड़े कथित आईवीएफ गड़बड़ी के मामले ने देश को सिर्फ इसलिए नहीं झकझोरा है कि इसमें एक गंभीर चिकित्सकीय चूक की आशंका है, बल्कि इसलिए भी कि इसने एक कहीं अधिक परेशान करने वाला सवाल खड़ा कर दिया है, क्या यह एक अकेला मामला है?

वर्षों से फर्टिलिटी क्लीनिक भरोसे की नींव पर खड़े हैं। संतान की चाह रखने वाले दंपति, जो अक्सर वर्षों की निराशा, मानसिक तनाव और भारी आर्थिक बोझ से गुजर चुके होते हैं, अपनी सबसे निजी उम्मीदें इन संस्थानों के हवाले कर देते हैं। उन्हें विश्वास होता है कि उनके अंडाणु, शुक्राणु और भ्रूण को पूरी सावधानी और सटीकता के साथ संभाला जाएगा। अधिकांश लोगों को इस प्रक्रिया पर कभी संदेह करने का कारण नहीं मिलता। लेकिन गुरुग्राम के इस मामले ने उस भरोसे में पहली बार दरार डाल दी है। यदि डीएनए जांच से यह साबित होता है कि वास्तव में भ्रूण या शिशु की अदला-बदली हुई थी, तो इसके परिणाम सिर्फ एक परिवार तक सीमित नहीं रहेंगे। यह मामला उन अन्य माता-पिता को भी आनुवंशिक जांच कराने के लिए प्रेरित कर सकता है, जिन्होंने क्श्त्र्रया अन्य सहायक प्रजनन तकनीकों के माध्यम से संतान प्राप्त की है और जिनके मन में कभी कोई शंका या अनुत्तरित सवाल रहा हो। संभव है कि अधिकांश जांचें यह साबित करें कि सब कुछ सही तरीके से हुआ था। लेकिन ऐसी कुछ और घटनाओं की संभावना मात्र भी उस उद्योग में लोगों का विश्वास हिला सकती है, जो पूरी तरह विश्वसनीयता पर टिका है।



संदीप शर्मा, सम्पादक

मुद्दा यह नहीं है कि ऐसी गलतियां व्यापक स्तर पर हो रही हैं। अभी तक ऐसा कोई प्रमाण नहीं है। चिंता इस बात की है कि यदि एक भी मामला साबित हो जाता है, तो हजारों परिवार यह सोचने पर मजबूर हो सकते हैं कि जिन सुरक्षा उपायों को वे अचूक मानते थे, क्या वे वास्तव में मानवीय त्रुटियों से मुक्त हैं? यह संभावना नियामक संस्थाओं के लिए उतनी ही चिंता का विषय होनी चाहिए जितनी फर्टिलिटी क्लीनिकों के लिए। पिछले एक दशक में भारत का फर्टिलिटी सेक्टर तेजी से बढ़ा है। प्रजनन चिकित्सा में हुई प्रगति ने लाखों दंपतियों को माता-पिता बनने का अवसर दिया है। लेकिन इस विकास की तुलना में नियमन और निगरानी की व्यवस्था उतनी मजबूत नहीं हो सकी। गुरुग्राम का विवाद इस बात को रेखांकित करता है कि प्रजनन सामग्री की निगरानी, ऑडिट और ह्यचेन ऑफ कस्टडीह्ल प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है।

फर्टिलिटी उद्योग अक्सर यह तर्क देता है कि भ्रूण की अदला-बदली जैसी घटनाएं बेहद दुर्लभ हैं। यह सही हो सकता है। लेकिन जिन क्षेत्रों में लोगों का जीवन और भविष्य दांव पर लगा हो, वहां सिर्फ ह्यदुर्लभह्ल होना पर्याप्त नहीं होता। विमान दुर्घटनाएं भी दुर्लभ होती हैं, फिर भी हर दुर्घटना की गहन जांच होती है, क्योंकि जनता का भरोसा पारदर्शिता और जवाबदेही पर निर्भर करता है। यदि अधिक माता-पिता डीएनए जांच का रास्ता चुनते हैं, तो इसे उद्योग के लिए खतरे के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। बल्कि इसे विश्वास बहाली के अवसर के रूप में लिया जाना चाहिए। जिन क्लीनिकों के मानक उच्च हैं, उन्हें ऐसी व्यवस्थाओं का स्वागत करना चाहिए जो उनकी प्रक्रियाओं की विश्वसनीयता को साबित कर सकें। सबसे बड़ी चुनौती मनोवैज्ञानिक है। एक बार जब संदेह लोगों के मन में घर कर लेता है, तो वह तेजी से फैलता है। आईवीएफ प्रक्रिया से गुजर रहे दंपति उन व्यवस्थाओं पर सवाल उठाने लग सकते हैं जिन पर वे अब तक आंख मूंदकर भरोसा करते थे। जो लोग भविष्य में आईवीएफ करवाने की सोच रहे हैं, वे भी आशंकित हो सकते हैं। यदि नियामक और क्लीनिक समय रहते स्पष्ट और निर्णायक प्रतिक्रिया नहीं देते, तो अफवाहें और अटकलें उस खाली जगह को भर देंगी। इसीलिए गुरुग्राम का यह मामला केवल एक परिवार और एक क्लीनिक के बीच का विवाद नहीं माना जा सकता। यह पूरे तंत्र की विश्वसनीयता की परीक्षा है। जांच का परिणाम महत्वपूर्ण होगा, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण होगा कि इसके बाद व्यवस्था किस तरह प्रतिक्रिया देती है। क्योंकि यदि एक डीएनए टेस्ट ने एक परिवार की दुनिया बदल दी है, तो यह सुनिश्चित करना सरकार और नियामकों की जिम्मेदारी है कि हजारों अन्य परिवार इस सवाल के साथ न जीएं कि क्या उन्हें भी अपने बच्चों की पहचान की पुष्टि के लिए डीएनए जांच करानी चाहिए।

# लगातार पांचवें दिन बाजार में तेजी; सेंसेक्स 77,400 और निफ्टी 24,150 के स्तर पर बंद

**चंडीगढ़/यूटर्न/18 जून। गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन तेजी का सिलसिला जारी रहा। कच्चे तेल की कीमतों में कमी, मिडिल ईस्ट में एनर्जी सप्लाई में बड़ी रुकावट की आशंकाओं का कम होना और घरेलू स्तर पर लगातार खरीदारी से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। बीएसई सेंसेक्स 254 अंक चढ़कर 77,400 के स्तर के ऊपर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 82 अंक बढ़कर 24,150 के ऊपर बंद हुआ। पिछले पांच ट्रेडिंग सेशन में सेंसेक्स में 3,000 से ज्यादा अंकों की बढ़त हुई है। इस लगातार तेजी की मुख्य वजह ग्लोबल स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी गिरावट है, क्योंकि ईरान से जुड़े लंबे संघर्ष की चिंताएं कम होने लगी हैं।**



### फाइनेंशियल शेयरों का सबसे बड़ा योगदान

गुरुवार की बढ़त में फाइनेंशियल शेयरों का सबसे बड़ा योगदान रहा, जबकि आईटी शेयरों में सुस्ती रही क्योंकि चिंता थी कि अमेरिका में लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों से टेक्नोलॉजी पर होने वाले खर्च पर असर पड़ सकता है। बाजार में शामिल लोग अब कच्चे तेल की कीमतों, मिडिल ईस्ट में घटनाक्रम, विदेशी फंड के फ्लो और आने वाले इकोनॉमिक डेटा पर बारीकी से नजर रखेंगे ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या इस तेजी के और आगे बढ़ने की गुंजाइश है।

### अच्छी लिक्विडिटी से निवेशकों का भरोसा बढ़ा

घरेलू स्तर पर अच्छी लिक्विडिटी से भी निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। म्यूचुअल फंड में लगातार निवेश और रिटेल निवेशकों की भागीदारी से बाजार को यूएस फेडरल रिजर्व के इस संकेत से जुड़ी चिंताओं को दूर करने में मदद मिली है कि ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं। जानकारों का कहना है कि हालिया तेजी जोखिम से बचने की मानसिकता से हटकर सावधानी के साथ उम्मीद की ओर बढ़ने का संकेत है। सिर्फ एक हफ्ते पहले, बाजार इस डर से दबाव में था कि वेस्ट एशिया में जियोपॉलिटिकल तनाव से तेल की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। जैसे ही ये चिंताएं कम हुईं, निवेशक शेयरों की ओर लौटे, खासकर बैंकिंग, फाइनेंशियल और कंजम्पशन से जुड़े सेक्टर में।

**भारत के लिए, जो कच्चे तेल का बड़ा आयातक है, एनर्जी की कम कीमतें महंगाई, फिस्कल स्टेबिलिटी और कॉर्पोरेट कमाई के लिए अच्छी मानी जाती हैं।**

# सेक्टर-11 कैशियर हत्याकांड में बड़ा खुलासाः जम्मू से लाए जा रहे दो मुख्य शूटर एनकाउंटर में घायल

## पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश नाकाम, जवाबी फायरिंग में दोनों आरोपियों के पैर में लगी गोली





अजीत झा

**चंडीगढ़। सेक्टर-11 स्थित श्री कुमार मेडिकल हॉल के कैशियर जानकी दास हत्याकांड में शुक्रवार तड़के नाटकीय घटनाक्रम सामने आया। जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार कर चंडीगढ़ लाए जा रहे दो मुख्य आरोपियों ने पुलिस हिरासत से फरार होने का प्रयास किया। आरोप है कि उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग भी की, जिसके बाद हुई जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लग गई। तीसरे आरोपी को भी पुलिस ने सुरक्षित हिरासत में ले लिया। चंडीगढ़ पुलिस के अनुसार, हत्या के मुख्य आरोपी आर्यन शर्मा, सन्नी मेहरा और एक अन्य आरोपी को जम्मू से चंडीगढ़ लाया जा रहा था। सुबह करीब 4:30 बजे धनास स्थित कालीबाड़ी मंदिर के समीप जंगल क्षेत्र में पुलिस वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसी दौरान दोनों मुख्य शूटरों ने मौके का फायदा उठाकर भागने की कोशिश की।**



### पुलिस पर दो राउंड फायर, जवाब में चली चार गोलियां

आईजी पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों ने फरार होने के दौरान पुलिस टीम पर दो राउंड फायरिंग की। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा और आरोपियों को पकड़ने के लिए चार राउंड फायर किए। कार्रवाई में आर्यन शर्मा और सन्नी मेहरा के पैर में गोली लगी। दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत खतरे से बाहर है।

### 13 जून को दिनदहाड़े हुई थी कैशियर की हत्या

गौरतलब है कि 13 जून को सेक्टर-11 स्थित श्री कुमार मेडिकल हॉल में कैशियर जानकी दास की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए चंडीगढ़ पुलिस ने कई राज्यों में छापेमारी कर जम्मू-कश्मीर से मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

### सांबा से गिरफ्तार तीन सहयोगियों ने खोली साजिश की परतें

मुख्य शूटरों तक पहुंचने से पहले पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले से अजय कुमार, ओमकार और विवेक मेहरा को गिरफ्तार किया था। इनके कब्जे से एक पिस्तौल भी बरामद की गई। जांच में सामने आया कि तीनों का मुख्य आरोपियों से लगातार संपर्क था और वारदात से पहले व बाद में इनके बीच कई बार बातचीत हुई थी।

### पूरे नेटवर्क की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस अब हत्या की साजिश, हथियार उपलब्ध कराने और आरोपियों को फरार कराने वाले पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में जल्द और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं। जानकी दास हत्याकांड अब केवल एक हत्या का मामला नहीं, बल्कि अंतरराज्यीय आपराधिक नेटवर्क और पुलिस कार्रवाई की बड़ी कहानी बनता जा रहा है।



पेज 06 शहीदी दिवस पर छबील लगाकर किया सेवा भाव...




# परलोक से लगाएंगे गुहार, तब स्वास्थ्य विभाग सुनेगा पुकार

## जो मरीजो को है मना वह अस्पतालों की कैंटिनो में है उपलब्ध

लुधियाना 17 जून यूटर्न अशोक सहगल खाने पीने की वस्तुओं में मिलावट खोरी और निम्न स्तरीय फूड आइटम्स बाजार में धड़ल्ले से बिक रही है यही नहीं अस्पतालों में खाने पीने की जिन चीजों को मरीज को खाने से मना किया जाता है वह अस्पतालों की कैंटिनो में उपलब्ध है जिससे यह भी पता चलता है कि अस्पताल की प्रबंधक कमेटी या या तो इस और जागरूक नहीं है या फिर जानबूझकर आंखें बंद करके बैठी है अस्पताल की कैंटीनो में हर तरह का फास्ट फूड, केक आइटम्स आदि उपलब्ध है जो आमतौर पर डॉक्टर मरीज को खाने से मना करते हैं दूसरी और स्वास्थ्य विभाग भी इतना जागरुक नहीं दिखाई देता की जो वस्तुएं लोगों की सेहत के लिए हानिकारक है उसकी जांच करें लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग को चाहिए कि वह अस्पतालों की कैंटिनो मे नियमित तौर पर सैंपलिंग करें और कैंटीन में पड़े रा मटेरियल, इस्तेमाल किए हुए घी तथा खाद्य वस्तुओं के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजें। इसके अलावा अस्पताल की कैंटिनो में खाना चाय बिस्कुट व अन्य खाद्य पदार्थ भी उपलब्ध रहते हैं पर स्वास्थ्य विभाग इसकी भी जांच नहीं करता कि लोगों को कैसा खाना उपलब्ध कराया जा रहा है।




### फूड डिलीवरी एजेंटो का का सहारा

*काफी लोग पैसा कमाने के चक्कर में फूड सेफ्टी नियमों को ताक पर रखकर अपने घरों से ही दुकानदारों, बेकरी और लोगों के घरों में बर्थ-डे केक, पेस्ट्री और अन्य खाद्य पदार्थ सप्लाई करने में तेजी से जुटे हुए हैं। इनमें से ये काम ज्यादातर महिलाएं कर रही है ऑनलाइन ज्ञान प्राप्त कर खाद्य पदार्थ बना रहे है। इसी प्रकार ऑनलाइन खाने पीने की वस्तुओं का निर्माण करने के लिए टीचिंग भी दे रहे हैं।*

### 365 दिन हो चेकिंग बरसाती मेंढक ना बन विभाग

खाद्य पदार्थ बनाने वाली सभी इकाइयों के पास फूड सेफ्टी लाइसेंस सरकार से मान्यता प्राप्त होना चाहिए। कैमरे लगे होने चाहिए ताकि सरकारी विभाग रिकॉर्डिंग चैक कर सके। अधिकारियों की भी जिम्मेदारी बनती है कि जनसाधारण की सेहत को ध्यान में रखते हुए त्यौहारों में छापेमारी के अलावा चैकिंग 365 दिनों में होनी चाहिए।

### स्वास्थ्य विभाग मेहरबान, अधिकतर के पास नहीं है फूड लाइसेंस !

बताया जाता है कि ऑनलाइन खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वाले चाहे वह बर्थडे केक हो या फूड डिलीवरी स्वास्थ्य विभाग द्वारा कहीं पर भी चेकिंग नहीं की जा रही चेकिंग सिर्फ उसे शर्त पर की जाती है जब कोई शिकायत उच्च अधिकारियों के पास पहुंचे या उनके कोई दिशा निदेशों हो अथवा ऑनलाइन खाने पीने की वस्तु मंगवाने वाले खाना खाकर अस्पताल अथवा परलोक ना पहुंच जाए यहां यह भी गौर तलब है कि घरों से केक सप्लाई करने वाले ना तो जीएसटी दे रहे हैं ना कोई और टैक्स।

### ऑनलाइन फूड डिलीवरी से खाने की गुणवत्ता की जांच पर उठे सवाल

**ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनियों से खाने-पीने का सामान मंगवाने का युवाओं में तेजी से चलन बढ़ा है इनमें से घटिया पढ़ने खाने पीने की वास्तुए बनाने और बेचने वालों की संख्या भी बड़ी बर्थ-डे केक खाकर बच्चों की मौत का मामला भी सामने आ आया चुका है कितने केक खाकर बीमार हुये अथवा अस्पताल पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के पास ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं है जिससे जनसाधारण में खौफ पैदा होने लगा है। अब आलम तो यह है कि जब तक ऐसे ही खाद्य वस्तु खाकर कोई मर ना जाए विभाग जांच के निर्देश नहीं देता फिर दिखावे के तौर पर कई जिलों में सैंपलिंग करने के निर्देश जारी कर दिए जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग की कार्य प्रणालियों को लेकर लोकतंत्र करते हुए यह कहते हैं खाने से पीछे नहीं हटते कि जब तक दूसरे तत्व मिलावटी खाद्य पदार्थ खाकर कोई मर ना जाए और परलोक से गुहार ना लगाए तो नीचे स्वास्थ्य विभाग हरकत में नहीं आता।**

## आरयूबी की सड़कें टूटी, राहगीर हो रहे परेशान, कमिश्नर को शिकायत





लुधियाना/यूटर्न/18 जून। पक्खोवाल रोड स्थित आरयूबी की सड़कें टूटन के कारण लोग बेहद परेशान हो चुके हैं। जिस कारण वहां आए दिन हादसे हो रहे हैं और पानी खड़ा रहता है। जिस संबंध में समाजसेवी और आम आदमी पार्टी लीडर रविंद्र पाल सिंह घई द्वारा निगम कमिश्नर ओजस्वी को शिकायत की गई है। कमिश्नर द्वारा जल्द समस्या का हल करने का आश्वासन दिया गया है। जानकारी देते हुए रविंद्रपाल घई ने कहा कि आरयूबी में थोड़ी सी बारिश के बाद पानी भर जाता है। वहीं आरयूबी की तीनों सड़कों की हालत खस्ता हो चुकी है। जिस कारण वहां आए दिन वाहन चालकर गिरकर जख्मी हो जाते हैं। जिसके चलते उन्होंने इस मामले में संज्ञान लेकर शिकायत दी है।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष 20 जून को पंजाब के दौरे पर, गोल्डन टेंपल में होंगे नतमस्तक, 21 को अटारी में करेंगे योग



पंजाब/यूटर्न/18 जून। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तीन दिवसीय दौरे के लिए 20 जून को पंजाब पहुंचेंगे। नितिन नबीन 20 जून को अमृतसर आएंगे और गोल्डन टेंपल में माथा टेकने के बाद अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। 21 जून को योग दिवस पर अटारी बॉर्डर पर बीएसएफ के साथ योग करेंगे और उसके बाद जालंधर होते हुए लुधियाना पहुंचेंगे। लुधियाना में 21 और 22 जून को रहेंगे और यहीं पर पंजाब के चुनाव की तैयारियों के संबंध में संगठनात्मक बैठक करेंगे। पंजाब भाजपा ने नितिन नबीन के दौरे की तैयारियां शुरू कर दी। वीरवार को लुधियाना भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई और बैठक में नितिन नबीन के दौरे की तैयारियों को लेकर नेताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई।

# सवा किलो अफीम सहित एक काबू



दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/18 जून। स्पेशल डीजीपी पंजाब रेलवे शशि प्रभा द्विवेदी, एआईजी रेलवे पंजाब अमरप्रीत सिंह घुम्मण, कप्तान पुलिस इनवेस्टिगेशन जीआरपी पंजाब बलराम राणा, उपकप्तान पुलिस जोनल जीआरपी लुधियाना तेजपाल सिंह के दिशा निदेशों पर स्मगलरों और नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत इंस्पेक्टर पलविंदर सिंह इंचार्ज सीआईए वन जीआरपी की हिदायतों पर insp बीर बल ने पुलिस पार्टी सहित रेलवे स्टेशन पर सवा किलो अफीम सहित एक आरोपी को काबू किया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर पलविंदर ने बताया कि आरोपी कैलाश (उत्तर प्रदेश) के कब्जे में पिट्ठू बैग में से सवा किलो अफीम बरामद करके आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश करके एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

# पूर्व पीएम गुजराल के बेटे से 7.80 करोड़ की ठगी, दिल्ली साइबर सेल ने FIR की दर्ज

मोहाली/यूटर्न/18 जून। देश के पूर्व प्रधानमंत्री आईके गुजराल के बेटे और पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश गुजराल के साथ दिल्ली में अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी हुई है। ठगों ने वॉट्सएप पर गुजराल की फोटो लगाकर उनकी ही कंपनी के कर्मचारी को झांसा दिया और 7.80 करोड़ ट्रांसफर करवा लिए। हालांकि दिल्ली पुलिस की साइबर सेल ने तुरंत एक्शन लेते हुए करीब 4 करोड़ फ्रीज करवा दिए हैं। पता चला है कि आरोपियों ने नरेश गुजराल की कंपनी की वित्तीय टीम को निशाना बनाया। उन्होंने इसके लिए नरेश गुजराल की ही तस्वीर (डिस्प्ले पिक्चर) वाले फर्जी अकाउंट का इस्तेमाल किया। धोखे से भेजा गया संदेश उनके एक भरोसेमंद कर्मचारी को भेजा गया, जिसमें उसे रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (आरटीजीएस) के माध्यम से एक संबंधित बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर करने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद विभिन्ना हिस्सों में पैसे गए।



## बेटी ने पिता को बताया तो पता चला

यह धोखाधड़ी 16 जून को सामने आई। जब नरेश गुजराल के एक कर्मचारी को उनके नाम और फोटो वाली वॉटसएप प्रोफाइल से पैसे ट्रांसफर करने का मैसेज मिला, तो उसने बताए गए खाते में रकम भेज दी। बाद में कर्मचारी ने इस बारे में नरेश की बेटी दीक्षा गुजराल को बताया और उसने पिता से बात की। नरेश गुजराल ने कहा कि उन्होंने किसी को पैसे भेजने के लिए नहीं कहा था और उन्हें इस लेन-देन के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसके बाद परिवार और कर्मचारियों को पता चला कि कोई ठग नरेश गुजराल बनकर व्हाट्सऐप पर लोगों को मैसेज भेज रहा था और वे एक सोची-समझी ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए हैं

## एजेंसियों ने खाते को फ्रीज करवाया

*नरेश गुजराल ने बताया कि ठगी गई ज्यादातर रकम को समय रहते रोक लिया गया और आरोपी उसे खाते से नहीं निकाल पाए। उन्होंने बताया कि पैसे ट्रांसफर होने से पहले बैंक ने उनके मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) को फोन कर पुष्टि भी की थी। लेकिन सीएफओ को लगा कि यह निर्देश खुद नरेश गुजराल ने दिए हैं, इसलिए उन्होंने बैंक को लेनदेन पूरा करने की मंजूरी दे दी। बाद में पता चला कि यह पूरा मामला ठगी का था।*

# 12 साल से ट्राईसिटी में कोकीन का नेटवर्क चला रहा था तस्कर, ऑपरेशन मैदान 2.0 में दबोचा

कपिल नागपाल

पंचकूला/यूटर्न/18 जून। नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन मैदान 2.0 के तहत पंचकूला पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। एंटी नारकोटिक सेल ने एक ऐसे कथित तस्कर को गिरफ्तार किया है, जो पिछले करीब 12 वर्षों से ट्राईसिटी क्षेत्र में कोकीन की सप्लाई करने में सक्रिय था। आरोपी के कब्जे से 43 ग्राम कोकीन, नकदी, मोबाइल फोन और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक्सयूवी-500 गाड़ी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान अंचित छाबड़ा उर्फ चिंटू निवासी पीर मुच्छल्ला के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी दिल्ली से कोकीन लाकर पंचकूला, चंडीगढ़ और मोहाली में अपने नेटवर्क के जरिए सप्लाई करता था। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी सेक्टर-26 स्थित हर्बल पार्क के आसपास नशीले पदार्थ की डिलीवरी करने आने वाला है। सूचना के आधार पर सेल प्रभारी सौरव रावत के नेतृत्व में टीम ने इलाके में घेराबंदी की। शाम करीब 4:50 बजे एक एक्सयूवी-500 वाहन को रोककर जांच की गई, जिसमें चालक के रूप में मौजूद आरोपी को काबू कर लिया गया।




तलाशी के दौरान आरोपी की जेब से 43 ग्राम कोकीन बरामद हुई। पुलिस के मुताबिक बरामद कोकीन की बाजार कीमत करीब 4.35 लाख रुपये आंकी गई है। इसके अलावा आरोपी के पास से नकदी और मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने बताया कि आरोपी दिल्ली से कोकीन लेकर आया था और इसके पीछे एक संगठित सप्लाई नेटवर्क काम कर रहा है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी को नशीला पदार्थ कौन उपलब्ध कराता था और वह किन लोगों तक इसकी सप्लाई करता था।

आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस ड्रग नेटवर्क, आर्थिक लेन-देन और अन्य संभावित आरोपियों के संबंध में पूछताछ करेगी। पुलिस कमिश्नर पंकज नैन ने कहा कि जिले को नशामुक्त बनाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और नशा तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि नशे से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

# श्रीशिव कांवड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट को राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान

**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अहमदाबाद में प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित**

पंचकूला /यूटर्न/18 जून। रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ट्राईसिटी की जानी-मानी संस्था श्री शिव कांवड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट को राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय द्वारा अहमदाबाद (गुजरात) में आयोजित राष्ट्रीय एनजीओ कान्क्लेव 2026 में ट्रस्ट को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान ट्रस्ट को देश में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने, जन जागरूकता पैदा करने और उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित इस गरिमामयी समारोह में ट्रस्ट के प्रधान राकेश कुमार संगर ने संस्था की ओर से यह प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह ग्रहण किया।

**केंद्रीय व राज्य स्तरीय अधिकारियों ने थपथपाई पीठ...**इस राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का आयोजन स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (भारत सरकार) एवं राष्ट्रीय रक्त संचरण परिषद (ठइळउ) द्वारा गुजरात राज्य रक्त आधान परिषद के सहयोग से किया गया था। श्री शिव कांवड़ महासंघ को यह सम्मानः




- डॉ. मेघा प्रवीण खोबरागड़े (डिप्टी डायरेक्टर जनरल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार)
- डॉ. कृष्ण कुमार (डायरेक्टर, एनबीटीसी, भारत सरकार)
- डॉ. कार्तिक शाह (डायरेक्टर, गुजरात स्टेट काउंसिल फॉर ब्लड ट्रांसफ्यूजन) के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया।
- 6 वर्षों में 1 लाख से अधिक यूनिट रक्त का रिकॉर्ड योगदान

यह सम्मान श्री शिव कांवड़ महासंघ की समाज के प्रति प्रतिबद्धता और निस्वार्थ सेवा का प्रत्यक्ष प्रमाण है। ट्रस्ट चंडीगढ़ और ट्राईसिटी में पिछले 31 वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रहा है। संस्था द्वारा पिछले 6 वर्षों में 1,800 से अधिक रक्तदान जागरूकता शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से 1,03,367 यूनिट रक्त एकत्रित कर ट्राईसिटी के सरकारी ब्लड बैंकों को उपलब्ध कराया गया है, जिससे हजारों अमूल्य जिंदगियां बचाई जा सकी हैं।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती, ऑनलाइन बिजनेस का झांसा और 30 लाख की ठगी, दो साल बाद देहरादून से दबोचा गया आरोपी

पंचकूला/यूटर्न/18 जून। इंस्टाग्राम के जरिए संपर्क कर ऑनलाइन बिजनेस में मोटा मुनाफा कमाने का सपना दिखाकर 30 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी करने वाले गिरोह के एक आरोपी को पंचकूला पुलिस ने देहरादून से गिरफ्तार किया है। करीब दो साल पुराने इस मामले में यह पहली गिरफ्तारी है, जिसे पुलिस साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता मान रही है।





पुलिस के अनुसार आरोपी ने खुद को सिंगापुर में फैशन डिजाइनिंग और ऑनलाइन स्टोर संचालन से जुड़ा बताकर शिकायतकर्ता को अपने जाल में फंसाया था। आरोपी ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सेलर बनकर कमाई करने का लालच दिया और धीरे-धीरे लाखों रुपये निवेश के नाम पर ऐंठ लिए। साइबर थाना पुलिस के मुताबिक मामला जुलाई 2024 में दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि एक महिला प्रोफाइल के माध्यम से इंस्टाग्राम पर संपर्क किया गया और ऑनलाइन कारोबार में निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया। शुरूआत में छोटी राशि पर लाभ और भुगतान दिखाकर विश्वास जीता गया, जिसके बाद अलग-अलग बहानों से लगातार रकम जमा करवाई जाती रही। जांच में सामने आया कि आरोपी पक्ष ऑनलाइन वॉलेट, बिजनेस रिचार्ज और अन्य शुल्कों के नाम पर पैसे जमा करवाता रहा। इतना ही नहीं, कथित मुनाफा निकालने के लिए अतिरिक्त टैक्स जमा करने का दबाव भी बनाया गया।



पेज 12 निगम मुलाजिमों ने लापरवाही से तोड़ी 66...

# चार महीने में मोहाली-अंबाला का सफर 30 मिनट छोटा हो जाएगा

चंडीगढ़/यूटर्न/18 जून। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के अधिकारियों के अनुसार, अक्टूबर से मोहाली की आईटी सिटी से अंबाला तक का सफर 30 मिनट छोटा हो जाएगा। अंबाला-चंडीगढ़ ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का 30 किलोमीटर लंबा अंबाला-आईटी सिटी हिस्सा जो अभी 89 प्रतिशत बन चुका है, अपनी बदली हुई पूरी होने की तारीख के करीब पहुंच गया है। इससे थोड़ा पहले, सितंबर तक, मोहाली-सरहिंद रूट पर यात्रा करने वालों को भी 30 मिनट की राहत मिलेगी, क्योंकि 27.37 किलोमीटर का वह कॉरिडोर अब 91 प्रतिशत पूरा हो चुका है। आईटी सिटी-कुराली सेक्शन पहले ही ट्रैफिक के लिए खोल दिया गया है, और इस रास्ते से जाने वाले ड्राइवर पहले ही 45 मिनट बचा रहे हैं, जो उन्हें खरड़ और जाम वाले मोहाली एयरपोर्ट रोड से गुजरने में लगते। हालाँकि, सबसे बड़ा फायदा अभी भी पहुँच से दूर है।



## 90 मिनट की बचत का वादा

अधिकारियों ने बताया कि 106.92 किलोमीटर लंबा सरहिंद-सेहना एक्सटेंशन, जिसे अभी भी कैबिनेट कमेटी ऑन इकोनॉमिक अफेयर्स (सीसीईए) की मंजूरी का इंतजार है, मंजूरी मिलने के बाद मोहाली/चंडीगढ़-बठिंडा के सफर में पूरे 90 मिनट की बचत का वादा करता है; इसे पूरे रिंग का सबसे ज्यादा समय बचाने वाला हिस्सा बताया जा रहा है। हाल ही में हुई सबसे अहम बात जमीन पर दिखने वाली चीजों के बजाय प्रशासनिक है, लेकिन यह नेटवर्क के दो सबसे ज्यादा देरी वाले लिंक के लिए सब कुछ बदल देती है। एनएचएआई ने 1,878.31 करोड़ रुपये के ज़िरकपुर-पंचकूला बाईपास और 1,463.95 करोड़ रुपये के ग्रीनफील्ड स्पर (जो अंबाला-चंडीगढ़ एक्सप्रेसवे को उस बाईपास से जोड़ता है) दोनों के लिए लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) जारी कर दिए हैं, जिससे निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।

## वाहन चालकों को आती है भारी परेशानी

बनने के बाद, ज़िरकपुर-पंचकूला बाईपास से उस रूट पर 30 से 40 मिनट की बचत होने की उम्मीद है, जिस पर आज यात्रियों को एनएच-5 और एयरपोर्ट रोड पर रोजाना रेंगते हुए चलना पड़ता है। राजो माजरा गाँव के पास से गुजरने वाला यह 10.3 किलोमीटर लंबा स्पर (छोटा रास्ता) मौजूदा रास्ते पर समय बचाने के बजाय एक नया रास्ता बनाएगा, एक सीधा, सिग्नल-फ्री कॉरिडोर जो अंबाला, दिल्ली और चंडीगढ़ के ट्रैफिक को जीरकपुर, पंचकूला और आगे बद्दी और शिमला तक सीधा रास्ता देगा।

## पंजाब में निर्माण कार्य में खर्च होंगे 1463 करोड़

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था कि पंजाब में, हमने एनएच-205ए के अंबाला-चंडीगढ़ सेक्शन को जीरकपुर बाईपास से जोड़ने वाले छह-लेन, एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड स्पर के निर्माण के लिए 1,463.95 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इस स्पर को मंजूरी देते हुए उन्होंने कहा था, ट्राइसिटी रिंग रोड प्रोजेक्ट के हिस्से के तौर पर, यह कॉरिडोर मोहाली, चंडीगढ़ और पंचकूला के मुख्य शहरी जंक्शनों पर ट्रैफिक का दबाव कम करेगा क्योंकि यह गुजरने वाले ट्रैफिक को दूसरी तरफ मोड़ देगा। उन्होंने आगे कहा कि इससे ्हिमाचल प्रदेश, खासकर शिमला क्षेत्र तक तेजी से और बिना रुकावट के कनेक्टिविटी मिलेगी।

# मौलीजागरां मर्डर केस में बड़ा खुलासा: चार आरोपी गिरफ्तार, हत्या में इस्तेमाल चाकू और दातर बरामद

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/18 जून। मौलीजागरां में हुए चर्चित हत्या कांड में चंडीगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार भी बरामद कर लिए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वारदात पुरानी रंजिश के चलते अंजाम दी गई थी।

पुलिस के अनुसार 14 जून की रात मौलीजागरां कॉम्प्लेक्स में 31 वर्षीय तोता राम पर 10 से 15 युवकों के समूह ने जानलेवा हमला कर दिया था। हमलावर चाकू, तलवार, डंडों और अन्य धारदार हथियारों से लैस थे। गंभीर रूप से घायल तोता राम को सेक्टर-6 पंचकूला के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना में उसे बचाने की कोशिश कर रहे उसके दोस्त आकाश को भी चोटें आई थीं। आकाश की शिकायत पर मौली जागरां थाना पुलिस ने हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की गंभीरता को देखते



हुए पुलिस की विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस ने सबसे पहले अरमान कुमार उर्फ आशु (22) निवासी मौली जागरां और समीर (18) निवासी राजीव कॉलोनी, सेक्टर-17 पंचकूला को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई आगे बढ़ाते हुए सुमित और कृष उर्फ किशू निवासी राजीव कॉलोनी, पंचकूला को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार कृष उर्फ किशू पहले भी आपराधिक मामले में नामजद रह चुका है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों से की गई पूछताछ में महत्वपूर्ण खुलासे हुए। आरोपी समीर की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद किया गया, जबकि अरमान कुमार उर्फ आशु की निशानदेही पर दातरनुमा धारदार हथियार बरामद हुआ। इसके अलावा वारदात से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य भी पुलिस के हाथ लगे हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक और आरोपियों के बीच पहले से विवाद और रंजिश चली आ रही थी।

# सेक्टर-31 चेन स्नैचिंग केस में बड़ी सफलता, चार आरोपी गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/18 जून। चंडीगढ़ पुलिस ने सेक्टर-31 में हुई चेन स्नैचिंग की वारदात को सुलझाते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई सोने की चेन के टुकड़े, नकदी और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार यह मामला 16 जून को दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता कुलविंदर सिंह, जो सेक्टर-31डी स्थित बूथ नंबर-65 में किराना दुकान चलाते हैं, ने पुलिस को बताया था कि शाम करीब 6:15 बजे एक युवक सामान खरीदने के बहाने उनकी दुकान पर आया और उनकी करीब 9.16 ग्राम वजनी सोने की चेन झपटकर फरार हो गया। जब उन्होंने आरोपी का पीछा किया तो उसका साथी पहले से ही मोटरसाइकिल पर इंतजार कर रहा था और दोनों मौके से भाग निकले। मामले की जांच के दौरान सेक्टर-31 थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नयागांव निवासी शोबित ठाकुर,, सुबोध कुमार माजी, मोहम्मद हसन उर्फ अली ,सियाही माजरा, मोहाली तथा गुरदीत सिंह उर्फ भोला उर्फ गुरी (23) निवासी जुझार नगर, मोहाली के रूप में हुई है। जांच के दौरान पुलिस ने मोहम्मद हसन और सुबोध कुमार माजी के कब्जे से सोने की चेन के दो हिस्से बरामद किए। इसके अलावा शोबित ठाकुर से 1250 रुपये और गुरदीत सिंह से 1310 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी कब्जे में ले ली है।

# नारकोटिक सेल का एसआई एक लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार, मामले में नाम निकालने की एवज में ले रहा था पैसा

पंजाब/यूटर्न/18 जून। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स, जालंधर में तैनात सब इंस्पेक्टर अमनदीप सिंह को 1 लाख रुपए रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। विजिलेंस ब्यूरो ने बताया कि उक्त आरोपी को गांव गोहावर, जालंधर की निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसके भाई के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है और उक्त एसआई अमनदीप सिंह इस मामले में उनके परिवार के अन्य सदस्यों को भी फंसाने तथा उनकी संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने की धमकियां दे रहा था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी एसआई पहले ही उससे अलग-अलग मौकों पर 6.50 लाख रुपये रिश्वत के रूप में ले चुका है और उसकी भाभी को मामले में नामजद होने से बचाने के लिए 2 लाख रुपये और मांग रहा था। शिकायतकर्ता ने उक्त पुलिस कर्मचारी द्वारा रिश्वत मांगने की बातचीत भी रिकॉर्ड कर ली थी। और रिश्वत देने के लिए तैयार न होने पर शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो यूनिट कपूरथला से संपर्क किया।

# शहीदी दिवस पर छबील लगाकर किया सेवा भाव का संदेश प्रसारित

## श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर बांटे पौधे, लगाई छबील

डेराबस्सी/यूटर्न/18 जून। पांचवें पातशाह श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर डेराबस्सी में मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों और श्रद्धालुओं को ठंडा जल वितरित किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों को पौधे भी बांटे गए। छबील का आयोजन कांग्रेस के जिला मोहाली अध्यक्ष बलिहार सिंह बली द्वारा अपने कार्यालय के बाहर किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर छबील का प्रसाद ग्रहण किया और श्री गुरु अर्जन देव जी की महान शहादत को नमन किया।



इस अवसर पर डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता एवं हलका इंचार्ज दीपइंदर सिंह ढिल्लों विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि श्री गुरु अर्जन देव जी ने सत्य, धर्म और मानवता की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनकी शहादत आज भी समाज को सेवा, सहनशीलता और मानव कल्याण का संदेश देती है। कार्यक्रम में वार्ड के पार्षद मनीष सैनी, चमन सैनी तथा मुबारकपुर वार्ड के पार्षद बंटी राणा भी मौजूद रहे। सभी ने छबील सेवा में हिस्सा लिया और लोगों को गुरु साहिब के बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

इस दौरान पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए लोगों को पौधे वितरित किए गए तथा अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि गुरु साहिब की शिक्षाओं पर चलते हुए मानव सेवा के साथ-साथ प्रकृति की रक्षा करना भी समय की जरूरत है।

# मेहता परिवार की अगुवाई में तीसरी बार सजा शिव महापुराण कथा का दरबार, पहले दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/18 जून। बठिंडा में मेहता परिवार की अगुवाई में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा सुनने के लिए पहले दिन ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा स्थल हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा।

कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के प्रधान अमरजीत मेहता, बठिंडा के मेयर पदमजीत सिंह मेहता और पूरे मेहता परिवार को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि बठिंडा की धरती भाग्यशाली है, जहां लगातार तीसरी बार शिव महापुराण कथा का आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की भक्ति से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है।





अपने प्रवचन में उन्होंने बेलपत्र, रुद्राक्ष और शिवलिंग पर जल अर्पित करने के महत्व को विस्तार से बताया तथा श्रद्धालुओं को सदाचार और सेवा भाव का संदेश दिया। शिव भजनों के दौरान पूरा पंडाल भक्तिरस में डूब गया और श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए। कथा का आयोजन बठिंडा के पटेल नगर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के सामने विशाल पंडाल में किया जा रहा है, जो 24 जून तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### क्या ईरान-अमेरिका युद्ध रूकने के बाद विश्व की बिगड़ी अर्थव्यवस्था वापिस पटरी पर लौट पाएगी?

यदि ईरान और अमेरिका के बीच चल रहा संघर्ष रुक भी जाए, तब भी यह जरूरी नहीं है कि दुनिया में महंगाई पूरी तरह समाप्त हो जाएगी और सभी चीजें पहले जैसी समान स्थिति में आ जाएँगी। युद्ध का असर केवल तेल और गैस की कीमतों तक सीमित नहीं होता, बल्कि व्यापार, परिवहन, उत्पादन और निवेश पर भी पड़ता है। ईरान तेल उत्पादन करने वाले प्रमुख देशों में से एक है। युद्ध के कारण तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो पेट्रोल, डीजल, खाद्य पदार्थों और अन्य वस्तुओं के दाम भी बढ़ जाते हैं। यदि युद्ध समाप्त हो जाता है, तो कीमतों में कुछ राहत मिल सकती है, लेकिन इस तरह बढ़ी महंगाई के पीछे अन्य कारण भी होते हैं, जैसे वैश्विक मांग, उत्पादन लागत, जलवायु परिवर्तन और विभिन्न देशों की आर्थिक नीतियाँ। इसलिए युद्ध समाप्त होने से विश्व अर्थव्यवस्था में स्थिरता आने की संभावना बढ़ सकती है, लेकिन महंगाई का पूरी तरह खत्म हो जाना और सभी वस्तुओं का पहले जैसी समान कीमतों पर आ जाना आसान नहीं है। इसके लिए देशों को आर्थिक सुधार, उत्पादन बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता होगी। तभी दुनिया में दीर्घकालीन आर्थिक संतुलन स्थापित हो सकेगा।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**क्या शादी के बाद कमाई गई संपत्ति पर दोनों का बराबर अधिकार होता है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

यह वैवाहिक विवादों में सबसे अधिक पूछे जाने वाले प्रश्नों में से एक है। बहुत से लोग मानते हैं कि शादी के बाद जो भी संपत्ति खरीदी जाती है, उस पर पति और पत्नी का अपने आप 50-50 प्रतिशत अधिकार हो जाता है। लेकिन भारतीय कानून की स्थिति इससे अलग है।

यदि कोई संपत्ति केवल पति के नाम पर खरीदी गई है, तो सामान्यतः उसका कानूनी स्वामी वही माना जाएगा। इसी प्रकार, यदि संपत्ति केवल पत्नी के नाम पर है, तो उसका स्वामित्व पत्नी के पास रहेगा। भारतीय कानून में अभी ऐसा कोई सामान्य नियम नहीं है कि विवाह के बाद अर्जित हर संपत्ति स्वतः दोनों में बराबर बंट जाएगी। हालांकि, यदि संपत्ति संयुक्त नाम (Joint Ownership) में खरीदी गई है, या दोनों ने उसके लिए आर्थिक योगदान दिया है, तो विवाद की स्थिति में यह एक महत्वपूर्ण तथ्य बन सकता है।

तलाक के मामलों में अदालत Maintenance, Alimony और अन्य आर्थिक राहत तय करते समय दोनों पक्षों की संपत्ति, आय और जीवन स्तर को ध्यान में रख सकती है। लेकिन यह संपत्ति के स्वामित्व से अलग प्रश्न है। कई लोग फिल्मों और विदेशी कानूनों के प्रभाव में यह मान लेते हैं कि तलाक के बाद सारी संपत्ति आधी-आधी बंट जाती है, जबकि भारत में ऐसा कोई सामान्य सिद्धांत लागू नहीं है।

निष्कर्ष: शादी के बाद खरीदी गई संपत्ति पर अधिकार मुख्य रूप से उसके स्वामित्व और योगदान पर निर्भर करता है। केवल विवाह हो जाने से हर संपत्ति पर स्वतः बराबर अधिकार नहीं बन जाता।

# सेक्टर-36 स्थित फ्रेगरेंस गार्डन में दिव्यांगजन अनुकूल आधारभूत ढांचा परियोजना के कार्य का शुभारंभ

चंडीगढ़/यूटर्न/18 जून। चंडीगढ़ को अधिक समावेशी एवं सभी वर्गों के लिए सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नगर निगम चंडीगढ़ के हॉर्टिकल्चर विभाग द्वारा आज सेक्टर-36 स्थित फ्रेगरेंस गार्डन में दिव्यांगजन अनुकूल आधारभूत ढांचा परियोजना के विकास कार्य का शुभारंभ किया गया।



इस अवसर पर पारंपरिक नारियल फोड़कर कायारंभ किया गया। कार्यक्रम में वार्ड नंबर-24 के पार्षद एवं पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिनके प्रयासों से यह महत्वपूर्ण परियोजना क्षेत्र को प्राप्त हुई।

इस परियोजना का उद्देश्य उद्यान को दिव्यांगजनों, दृष्टिबाधित व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों तथा सभी आगंतुकों के लिए पूर्णतः सुलभ एवं बाधा-मुक्त बनाना है, ताकि सभी नागरिक समान रूप से इसकी सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

# राज्यपाल ने 9 नई एंबुलेंस को दिखाई हरी झंडी, आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती

चंडीगढ़/यूटर्न/18 जून। हरियाणा में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए राज्यपाल एवं हरियाणा राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष प्रो. असीम कुमार घोष ने हरियाणा लोक भवन, चंडीगढ़ से 9 नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर लेडी गवर्नर श्रीमती मित्रा घोष भी उपस्थित रहीं। इन एंबुलेंसों की अनुमानित लागत लगभग एक करोड़ रुपये है। राज्यपाल ने अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में इन्हें हरियाणा राज्य रेडक्रॉस सोसायटी को समर्पित करने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद मरीजों तक समय पर चिकित्सा सहायता पहुंचाने में एंबुलेंस की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और यह पहल गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। प्रो. घोष ने कहा कि उनका सपना है कि हरियाणा के प्रत्येक जिले में रेडक्रॉस के पास कम से कम एक एंबुलेंस उपलब्ध हो, ताकि जरूरतमंदों को त्वरित सहायता मिल सके।



# व्यापारियों की हर समस्या का हल पहल के आधार पर होगा- गुरजीत सिंह एस.एच.ओ

लुधियाना/यूटर्न/18 जून। चौड़ी सड़क स्थित सिटी पैलेस में डिविजन न.3 के एस. एच.ओ गुरजीत सिंह ने विशेष रूप से पधार कर व्यापारियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस मौके सिटी पैलेस एसोसिएशन के सुनील मेहरा व राजीव टंडन ने उनको जानकारी देते हुए बताया कि सायंकाल को कुछ नशेड़ी किस्म के लोग पैलेस में घुस आते हैं और नशे का सेवन करते हैं। कई बार मार्किट के लोगो द्वारा उनको पकड़ा भी गया है।उन्होंने



सड़क पर लगने वाले जाम आदि समस्याओं से भी उनको अवगत करवाया।एस. एच.ओ गुरजीत सिंह ने एसोसिएशन के सदस्यों को आश्वासन देते हुए कहा कि व्यापारियों की हर समस्या का हल पहल के आधार पर किया जाएगा।उन्होंने इलाके और सुबह शाम मार्किट में पीसीआर की गश्त तेज करने का भी आश्वासन दिया। एसोसिएशन के सदस्यों की ओर से उनको चुनरी पहना कर सम्मानित भी किया गया। इस मौके सुनील मेहरा,राजीव टंडन,गौतम सूद,अशोक कुमार,इंद्र डाबर ,धीरज कुमार,कमल गुप्ता,अवतार सिंह,मनजीत सिंह विक्रम कपूर,रोहित कुमार ,,सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# पंजाब भाजपा के कार्यकर्ताओं में उत्साह भरेंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन

दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/18 जून। पंजाब विधानसभा चुनावों के मध्यनजर पार्टी कार्यकताओं में उत्साह बढ़ाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के 21 व 22 जून को पहली बार लुधियाना आ रहे हैं। उनके आगमन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी संबंध में भाजपा जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश के संगठन महामंत्री श्रीनिवासुलु,प्रदेश महामंत्री अनिल सरीन,उपाध्यक्ष जतिंदर मित्तल,कोषाध्यक्ष गुरदेव शर्मा देबी विशेष रूप से शामिल हुए।

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत, कार्यक्रमों की रूपरेखा,



कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों तथा विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का लुधियाना दौरा पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए गौरव का विषय है और उनके स्वागत को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

संगठन महामंत्री श्रीनिवासुलु ने कार्यकताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह दौरा संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरने का कार्य करेगा। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए और सभी व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश, जिला पदाधिकारियों, विभिन्न मोर्चो, प्रकोष्ठों तथा मंडलों/सर्कलों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मंदिर में घुसकर लाखों के गहने चुरा ले गए चोर, फंसने के डर से डीवीआर भी चुराया

लुधियाना/यूटर्न/18 जून। लुधियाना पंज पीर रोड स्थित सूरिया विहार में जैन मंदिर में घुसकर दो अज्ञात चोरों ने लाखों की चोरी कर डाली। चोर मंदिर से भगवान की चांदी की मूर्ति, पूजा के बर्तन, गल्ले में रखा कैश और सीसीटीवी का डीवीआर ले गए। थाना पीएयू की पुलिस ने सुधीर जैन के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार जैन मंदिर की देखरेख श्री शरियांस वल्लभ जैन सेवा सोसाइटी द्वारा की जाती है। सोसाइटी के प्रधान सुधीर जैन ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि रात के समय दो अज्ञात व्यक्ति



मंदिर परिसर में दाखिल हुए। चोरों ने मंदिर में घुसकर भगवान की एक कीमती चांदी की मूर्ति, पूजा-अर्चना में इस्तेमाल होने वाली 20 चांदी की प्लेटें, 20 छोटी चांदी की कटोरियां और 4 बड़े कटोरे चोरी कर लिए। इसके अलावा उन्होंने मंदिर की गोलक तोड़कर उसमें रखी करीब 10 से 15 हजार रुपए की नकदी भी निकाल ली।

### *डीवीआर भी चुरा ले गए चोर*

*शातिर चोरों को पता था कि मंदिर में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। अपनी पहचान छिपाने और पुलिस से बचने के लिए आरोपियों ने मंदिर के अंदर लगा डीवीआर भी उखाड़कर अपने साथ ले गए। एएसआई अमरीक सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।*

## घर से नौकरानी ने साथी समेत कीमती गहने किए चोरी, मामला दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/18 जून। मेहरबान के गांव खेड़ी में एक घर में नौकरानी ने अपने साथी के साथ मिलकर मालिक के सोने के गहने चोरी कर लिए। जब मालिक ने अलमारी चैक की तो चोरी का



खुलासा हुआ। थाना मेहरबान की पुलिस ने गांव खेड़ी के राजिंद्र सिंह की शिकायत पर गांव खेड़ी की रेनू देवी उर्फ पार्वती और जगरूप सिंह उर्फ जंगा पुत्र अंग्रेज सिंह निवासी गांव कनीजा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राजिंदर सिंह ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने कुछ समय पहले अपने घर के कामकाज के लिए रेनू देवी उर्फ पार्वती नाम की महिला को 1500 रुपए प्रति महीना मजदूरी पर रखा था। शिकायतकर्ता के मुताबिक बीती 13 जून के बाद से रेनू देवी अचानक बिना बताए काम पर आना बंद कर दिया। जब वह कई दिनों तक नहीं आई, तो राजिंदर सिंह की पत्नी को कुछ शक हुआ। उसने जब घर के कमरों और अलमारी की जांच की, तो उनके होश उड़ गए। अलमारी के लॉकर में रखे सोने के कीमती आभूषण गायब थे। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घरेलू सहायिका रेनू देवी ने अपने एक साथी जगरूप सिंह उर्फ जंगा के साथ मिलकर इस पूरी चोरी की साजिश को अंजाम दिया है। दोनों ने मौका पाकर अलमारी से सोने के जेवर चोरी किए और वहां से फरार हो गए।

## पंजाब में मृतदेहों को मिलेगा सम्मान: मानवाधिकार आयोग की सिफारिशों पर सरकार ने लिया कड़ा संज्ञान

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/18/जून। पंजाब राज्य और चंडीगढ़ (यू.टी.) मानवाधिकार आयोग ने मृत व्यक्तियों की गरिमा सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। आयोग के अध्यक्ष जस्टिस संत प्रकाश, सदस्य जस्टिस गुरबीर सिंह और प्रख्यात समाजसेवी पद्म श्री जितेंद्र सिंह शंटी के नेतृत्व में किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप, पंजाब सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने मृतकों की मयार्दा (Dignity of the Dead) से जुड़ी गाइडलाइंस को राज्य के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में सख्ती से लागू कर दिया है।

Punjab State Human Rights Commission

### मरणोपरांत गरिमा सुनिश्चित करना अनिवार्य

आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि 9 जून को जारी ये विस्तृत निर्देश इस बात पर जोर देते हैं कि मानवीय गरिमा केवल जीवन तक सीमित नहीं है। अब राज्य के प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थान में मृतदेहों के साथ अत्यंत सम्मान, संवेदनशीलता और पूरी मयार्दा के साथ व्यवहार करना अनिवार्य होगा। यह कदम न केवल मानवाधिकारों की रक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनशील रवैया भी सुनिश्चित करेगा।

### आयोग की अन्य प्रमुख उपलब्धियां और सुधार

आयोग ने पिछले एक वर्ष (01 जून 2025 से 31 मई 2026) के दौरान जनहित में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं :

**दक्षता और पहुंच :** आयोग को इस अवधि में 16,400 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका त्वरित निवारण किया गया, जो संस्था के प्रति जनता के बढ़ते भरोसे को दशार्ता है।

**व्यापक सुधार :** एम्बुलेंस सेवाओं को सुदृढ़ करना, स्वच्छता कर्मचारियों की भलाई के लिए दिशा-निर्देश जारी करना और समाज के कमजोर वर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना आयोग की प्राथमिकताओं में शामिल रहा।

**जमीनी स्तर पर सक्रियता :** आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों ने पूरे पंजाब के जिलों का दौरा कर प्रशासन और नागरिकों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया।

'आंख और कान' बनकर काम करेंगे 360 सदस्य मानवाधिकारों की सुरक्षा और निगरानी तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए, आयोग ने पंजाब और चंडीगढ़ में 360 से अधिक 'कोर ग्रुप मेंबर्स' नियुक्त किए हैं। ये सदस्य आयोग के लिए आंख और कान के रूप में कार्य करेंगे, जो जमीनी स्तर पर मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों की पहचान करेंगे और समय पर हस्तक्षेप सुनिश्चित करेंगे। आयोग ने दोहराया है कि गरिमा, समानता और न्याय के सिद्धांतों को शासन के केंद्र में रखना ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार, नागरिक समाज और आम जनता के सहयोग से मानवाधिकारों की रक्षा का यह कारवां निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।

# पंजाबियों को 'ब्लडी फूल' कहने के आरोप पर घिरे भाजपा अध्यक्ष, कांग्रेस का हमला

## अपनी ही पार्टी के पार्षद ने मांगी माफी

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/18 जून। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने चंडीगढ़ की राजनीति में बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। वीडियो में चंडीगढ़ भाजपा अध्यक्ष जतिन्दर पाल मल्होत्रा द्वारा पंजाबियों को लेकर कथित रूप से की गई टिप्पणी पर सियासी घमासान शुरू हो गया है। विपक्षी दलों के साथ-साथ भाजपा के भीतर से भी विरोध के स्वर उठने लगे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि भाजपा के ही पार्षद कुलजीत सिंह संधू ने पार्टी अध्यक्ष के बयान पर नाराजगी जताते हुए उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री Narendra Modi से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है।

कांग्रेस ने इस मुद्दे को हाथों-हाथ लेते हुए भाजपा नेतृत्व पर तीखा हमला बोला है। चंडीगढ़ कांग्रेस की प्रदेश सचिव ममता डोगरा



, जतिन्दर सिंह शम्मी , गुरप्रीत सिंह , कांग्रेस प्रदेश सचिव मनीष लाम्बा और सुखमिन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर भाजपा अध्यक्ष जतिन्दर पाल मलोहत्रा की कथित टिप्पणी की कड़ी निंदा की। ममता डोगरा ने कहा कि पंजाबियों को लेकर इस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि उन लाखों लोगों का अपमान भी है जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या जतिन्दर पाल मल्होत्रा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लिए भी ऐसी भाषा का प्रयोग कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के शासनकाल में भारतीयों को ब्लडी इंडियंस शब्दों से संबोधित किया जाता था, देशवासियों ने संघर्ष कर उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया। आज उसी तरह की मानसिकता के साथ भाजपा प्रधान ने पंजाबियों को ब्लडी फूल कहकर अपमानित किया है तो यह बेहद चिंताजनक है आज पंजाबियों को भी भाजपा को बाहर का रास्ता दिखाना होगा। डोगरा ने कहा कि पंजाबियों ने आजादी की लड़ाई से लेकर देश की सुरक्षा और विकास तक हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाई है और उनके सम्मान पर चोट बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मनीमाजरा में वाहन बैटरी चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, 8 बैटरियां और ई-रिक्शा बरामद



अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/18 जून। मनीमाजरा और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही वाहन बैटरी चोरी की वारदातों का चंडीगढ़ पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई 8 वाहन बैटरियां और वारदात में इस्तेमाल किया गया एक ई-रिक्शा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार मामला तब सामने आया जब मनीमाजरा निवासी अभिनव मुकेश कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई कि उनकी कार घर के बाहर खड़ी थी और उसकी बैटरी चोरी हो गई। इसी तरह पास में खड़ी एक अन्य कार मालिक अवतार सिंह ने भी अपनी कार की बैटरी चोरी होने की शिकायत पुलिस को दी। दोनों बैटरियों पर मालिकों द्वारा पहचान के निशान भी लगाए गए थे। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि पिछले कुछ दिनों से मनीमाजरा के अलावा टोगा, मोहाली और खरड़ क्षेत्रों में भी वाहन बैटरियां चोरी होने की कई घटनाएं सामने आई थीं। बढ़ती वारदातों को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीमों का गठन किया और इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। सीसीटीवी और खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस को सुराग मिला कि दो युवक एक ई-रिक्शा में घूमकर वाहन बैटरियां चोरी कर रहे हैं। जांच में यह भी सामने आया कि यही ई-रिक्शा और दोनों युवक टोगा क्षेत्र में भी संदिग्ध गतिविधियों में दिखाई दिए थे। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए साहिल उर्फ पोल्सिया निवासी कच्ची कॉलोनी, धनास और नितिन उर्फ पूली निवासी टोगा पिंड, मोहाली को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से तीन चोरी की बैटरियां और ई-रिक्शा बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर मनीमाजरा क्षेत्र में छिपाकर रखी गई पांच और चोरी की बैटरियां भी बरामद की गई। इस तरह कुल आठ वाहन बैटरियां पुलिस ने अपने कब्जे में ली हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। आरोपियों ने पूछताछ में यह भी स्वीकार किया कि वे चोरी की बैटरियों को अलग-अलग क्षेत्रों में सब्जी विक्रेताओं और कबाड़ी कारोबारियों को बेच देते थे। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों ने और किन-किन क्षेत्रों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है तथा चोरी का सामान खरीदने वाले लोगों की क्या भूमिका रही।

# पंचकूला पुलिस की नई पहल: अब घोड़ों पर होगी गश्त, अपराध नियंत्रण के साथ ईंधन बचाने पर भी जोर

कपिल नागपाल

पंचकूला/यूटर्न/18 जून। शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पंचकूला पुलिस ने एक नई पहल शुरू की है। पारंपरिक वाहन और पैदल गश्त के साथ अब शहर में घुड़सवार पुलिस पेट्रोलिंग भी नजर आएगी। इस व्यवस्था का ट्रायल सेक्टर-21 क्षेत्र से शुरू किया गया है, जहां पुलिसकर्मियों ने घोड़ों पर सवार होकर विभिन्न इलाकों में गश्त की।

पुलिस अधिकारियों का मानना है कि घुड़सवार पेट्रोलिंग से न केवल अपराधों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी, बल्कि ऐसे क्षेत्रों तक भी आसानी से पहुंच बनाई जा सकेगी जहां वाहन आधारित गश्त करना मुश्किल होता है। गुरुवार को सेक्टर-21 पुलिस चौकी की टीम ने चौकी प्रभारी दीदार सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों, गलियों और संवेदनशील इलाकों में घोड़ों के माध्यम से गश्त की। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर सुरक्षा संबंधी फीडबैक भी लिया। क्षेत्र के लोगों ने



इस पहल का स्वागत करते हुए इसे पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल की दिशा में सकारात्मक कदम बताया।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने कहा कि घुड़सवार पेट्रोलिंग एक व्यवहारिक और प्रभावी मॉडल साबित हो सकती है। इससे पुलिस की दृश्यता बढ़ेगी, जिससे लोगों में सुरक्षा का एहसास मजबूत होगा और



असामाजिक तत्वों पर मनोवैज्ञानिक दबाव भी बनेगा। उन्होंने बताया कि इस पहल का एक महत्वपूर्ण पहलू ईंधन की बचत और पर्यावरण संरक्षण भी है। घोड़ों के माध्यम से गश्त करने से सीमित संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव होगा और प्रदूषण में भी कमी आएगी। डीसीपी ने स्पष्ट किया कि फिलहाल इस व्यवस्था को परीक्षण के तौर पर शुरू किया गया है। इसके परिणामों का आकलन करने के बाद इसे शहर के अन्य क्षेत्रों में भी लागू करने पर विचार किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आधुनिक तकनीक और पारंपरिक संसाधनों के समन्वय से शुरू की गई यह पहल भविष्य में पंचकूला की सुरक्षा व्यवस्था को नई दिशा दे सकती है।

# अधूरी वीडियो दिखाकर जनता को गुमराह करने की कांग्रेस की साजिश बेनकाब : जतिंदर पाल मल्होत्रा

चंडीगढ़/यूटर्न/18 जून। भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने उनके बयान को लेकर खड़ा किए गए अनावश्यक विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा जानबूझकर उनके वक्तव्य को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है ताकि जनता को गुमराह किया जा सके।

मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि वह स्वयं पंजाब से संबंध रखते हैं और पूरे पंजाब तथा प्रत्येक पंजाबी का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस वीडियो को कांग्रेस द्वारा प्रचारित किया जा रहा है, उसमें उनके बयान का पूरा संदर्भ नहीं दिखाया गया। उन्होंने बताया कि 'ब्लैडीफूल' शब्द किसी व्यक्ति, समुदाय या पंजाबी समाज के लिए नहीं बल्कि स्वयं अपने संदर्भ में प्रयोग किया गया था।

उन्होंने कहा कि भाजपा खेल प्रकोष्ठ के कुछ पदाधिकारी शहर के बच्चों के लिए एक छोटा खेल आयोजन करना चाहते थे, लेकिन उन्होंने उस पहल को आगे बढ़ाते



हुए पूरे शहर के लिए एक भव्य खेल महोत्सव का स्वरूप दिया, जिसमें 3000 से अधिक बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित हुई। उसी भावनात्मक और आत्ममंथन वाले संदर्भ में उक्त शब्द का प्रयोग किया गया था, जिसे दुर्भावनापूर्ण तरीके से काटकर पेश किया गया।

मल्होत्रा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के पास न तो युवाओं और बच्चों के लिए कोई विजन है, न कोई सकारात्मक सोच और न ही विकास का कोई एजेंडा। बच्चों और युवाओं के लिए सार्थक कार्य करने के बजाय कांग्रेस केवल झूठ और भ्रम फैलाने की राजनीति कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग ने अपने एक करीबी सहयोगी से जुड़े विवादित वीडियो से जनता का ध्यान हटाने के लिए सुनियोजित तरीके से उनकी अधूरी वीडियो को प्रचारित किया है। यह एक राजनीतिक साजिश है, जिसे जनता भली-भांति समझ चुकी है।

# जगरांव नगर परिषद: जनरल सीट होते ही गरमाया सियासी पारा, जोड़-तोड़ के गणित में फंसी सत्ता की चाबी

## नगर परिषद प्रधान की कुर्सी के लिए 'महा-गठबंधन' की बिसात, देखिए किसके पास है सत्ता का असली गणित?

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/18/जून। पंजाब सरकार के स्थानीय निकाय विभाग द्वारा प्रदेश की 102 नगर परिषदों और नगर पंचायतों के लिए नए आरक्षण रोस्टर (नोटिफिकेशन) जारी होते ही जगरों की सियासत में भूचाल आ गया है। लंबे समय से चल रहा सस्पेंस खत्म करते हुए जगरांव नगर परिषद के प्रधान का पद 'जनरल (ओपन)' घोषित कर दिया गया है। इस घोषणा के साथ ही शहर में सत्ता के गलियारों में हलचल तेज हो गई है।




### क्या है सत्ता का 'अंकगणित'?

सीट 'ओपन' होते ही अब अध्यक्ष की कुर्सी पर काबिज होने के लिए हर दल एड़ी-चोटी का जोर लगा रहा है। नगर परिषद के वर्तमान आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति बेहद कांटे की है:

आम आदमी पार्टी (अअढ): 9 पार्षद

कांग्रेस: 9 पार्षद

भाजपा (BJP): 4 पार्षद

(निर्दलीय): 1 पार्षद अब काली दाल का दामन थामा

विधायक की वोट: 1

### किधर झुकेगा सत्ता का ऊंट?

अब सवाल यह खड़ा हो गया है कि बिना बहुमत के कोई भी पार्टी अकेले दम पर कुर्सी पर नहीं बैठ सकती। ऐसे में सियासी जोड़-तोड़ का दौर शुरू हो चुका है।

'आप' और भाजपा का गठबंधन: अगर 'आम आदमी पार्टी' सत्ता हासिल करने के लिए भाजपा का दामन थामती है, तो भाजपा द्वारा 'सीनियर वाइस प्रधान' और 'वाइस प्रधान' के दो पदों की मांग करना तय है। यह गठबंधन जगरांव की राजनीति में एक बड़ा प्रयोग साबित होगा।

कांग्रेस के साथ समीकरण: यदि 'आप' अपनी धुर विरोधी कांग्रेस के साथ मिलकर कोई सियासी खिचड़ी पकाती है, तो यह स्थानीय स्तर पर एक नया और चौंकाने वाला समीकरण होगा।

फिलहाल, 1 वोट की ताकत रखने वाले विधायक की भूमिका इस पूरे खेल में 'किंगमेकर' जैसी हो गई है। आने वाले कुछ दिन जगरांव की सियासत के लिए बेहद अहम होंगे, जहाँ हर पार्षद की बोली और निष्ठा पर सबकी नजरें टिकी होंगी। देखना यह है कि अंत में नगर परिषद की बागडोर किसके हाथ में जाती है। क्या लगता है कि स्थानीय समीकरणों के चलते जगरांव में 'आप' और 'भाजपा' का गठबंधन होना संभव है, या फिर कोई तीसरी बड़ी सियासी उलटफेर की उम्मीद है?

# जन्मदिन मनाकर लौट रहे युवक हुए हादसे का शिकार, एक की मौत, 4 जख्मी



पंजाब/यूटर्न/18 जून। अमृतसर-बठिंडा राष्ट्रीय राजमार्ग-54 पर देर रात एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां दोस्त का जन्मदिन मनाकर कार से लौट रहे पांच युवकों की गाड़ी एक ट्रेलर से टकरा गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार में सवार चार अन्य दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। इस भीषण टक्कर में कार सवार गुरलाल सिंह (19) पुत्र निशान सिंह की मौत हो गई।

### केक काटने के बाद लौट रहे थे गांव, रास्ते में काल बनकर आया ट्रेलर

खडूर साहिब के गांव कदगिल के पांच दोस्त अपने साथी स्माइलप्रीत सिंह का जन्मदिन मनाने के लिए अमृतसर के एक होटल गए थे। होटल में केक काटकर रात करीब 11 बजे वे सभी स्विफ्ट कार में सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार अमृतसर-बठिंडा नेशनल हाईवे-54 पर स्थित गांव बंदले के पास पहुंची, तो आगे जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई।

### चार दोस्त गंभीर रूप से घायल, अस्पतालों में भर्ती

हादसे में कार सवार अन्य चार दोस्त—संदीप सिंह, हरप्रीत सिंह, राजदीप सिंह और जन्मदिन मना रहा स्माइलप्रीत सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। राहगीरों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को तुरंत एम्बुलेंस के जरिए अलग-अलग अस्पतालों में दाखिल करवाया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

# मंत्री मुंडियां के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचा कारोबारी, मांगी सुरक्षा, गैंगस्टरों से धमकी दिलवाने का आरोप

पंजाब/यूटर्न/18 जून। पंजाब के होशियारपुर स्थित मुकेरियां के एक कारोबारी ने पंजाब के मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां पर गंभीर आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कारोबारी का आरोप है कि मंत्री उनके कारोबार में बड़ी हिस्सेदारी मांग रहे हैं। हिस्सेदारी देने से इन्कार करने पर उन्हें और उनके परिवार



को गैंगस्टरों के जरिए धमकियां दिलाई जा रही हैं। याचिकाकर्ता कारोबारी मलकीत सिंह ने हाई कोर्ट में दायर याचिका में कहा है कि पिछले कुछ समय से उन पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। उनका आरोप है कि लुधियाना के साहनेवाल हलके से मंत्री की ओर से कारोबार में हिस्सेदारी देने की मांग की गई थी। जब उन्होंने ऐसा करने से मना कर दिया तो उन्हें धमकी भरे फोन कॉल और संदेश मिलने शुरू हो गए।

### कारोबार बंद कराने की दी गई धमकी...

याचिका के अनुसार कई फोन कॉल और संदेशों में उन्हें चेतावनी दी गई कि यदि उन्होंने कारोबार में हिस्सेदारी नहीं दी तो उनका व्यवसाय बंद करवा दिया जाएगा। कारोबारी का कहना है कि इन धमकियों से उनका पूरा परिवार दहशत में है। मलकीत सिंह ने बताया कि उन्होंने इस मामले की शिकायत पुलिस को भी दी थी। शिकायत में उन लोगों के नाम भी बताए गए थे, जिन पर धमकियां दिलाने का संदेह है। इसके बावजूद मामले में कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

# होशियारपुर की लड़कियों ने बरनाला को 95 रन से हराकर सीनियर वूमेन क्रिकेट में रचा इतिहास: डा. रमन घई



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/18 जून। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा करवाई जा रही अंतर जिला सीनियर वूमेन क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमी फाइनल मैच में होशियारपुर की लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला बरनाला टीम को 95 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश करते हुए इतिहास रच दिया।

इस संबंधी जानकारी देते हुए एचडीसीए सचिव डा. रमन घई ने बताया कि बरनाला में खेले गए 50-50 ओवरों के इस सेमी फाइनल मैच में बरनाला की टीम ने टॉस जीतकर होशियारपुर की टीम को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया तथा होशियारपुर की टीम ने अपनी ओपनर खिलाड़ी पूजा देवी के 77 रन, कप्तान सुहाना के 42 रन, शिवानी के 30 रन व मनप्रीत ओलख के नवाद 11 रनों की बदौलत 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाए। बरनाला की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए ममता रानी ने 4, अमरजोत कौर ने 2, अक्षिता भगत व सुखमीत कौर ने होशियारपुर के 1-1 खिलाड़ी को आउट किया। उन्होंने बताया कि 50 ओवरों में जीत के लिए 196 रनों का लक्ष्य लेकर बल्लेबाजी करने मैदान में उतरी बरनाला की टीम होशियारपुर की राष्ट्रीय खिलाड़ी सुरभि व अंजलि की शानदार गेंदबाजी के आगे पूरी तरह बिखर गई तथा सारी टीम 24.1 ओवरों में केवल 100 रन बनाकर ही आल आउट हो गई।

# श्री गुरु अर्जन देव जी का बलिदान सत्य, साहस और मानवता की रक्षा का अमर संदेश : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

पंचकूला/यूटर्न/18 जून। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंचम पातशाह श्री गुरु अर्जन देव जी का बलिदान भारतीय इतिहास में सत्य, धर्म, मानवता और आध्यात्मिक शक्ति का अद्वितीय उदाहरण है। पंचकूला में गुरु अर्जन देव जी के 420वें शहीदी दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु साहिब की शहादत हमें अन्याय और अत्याचार के सामने कभी न झुकने की प्रेरणा देती है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु अर्जन देव जी ने समाज को एकता, समानता और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने श्री हरमंदिर साहिब की स्थापना कर मानवता के लिए खुलेपन और सामाजिक समरसता का मार्ग दिखाया। गुरु ग्रंथ साहिब में विभिन्न संतों की वाणी को संकलित कर उन्होंने भारत की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया।

उन्होंने कहा कि शहीदी दिवस केवल श्रद्धांजलि देने का अवसर नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का भी दिन है। गुरु साहिब ने अमानवीय यातनाएं सहने के बावजूद अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और 'तेरा किया मीठा लागे' का संदेश देकर अद्भुत आध्यात्मिक शक्ति का परिचय दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में गुरु साहिब की शिक्षाएं आज भी प्रेरणास्रोत हैं।

# जीरकपुर में होटल-गेस्ट हाउसों की बढ़ती संख्या पर उठे सवाल, सुरक्षा और नियमों की जांच की मांग

## जीरकपुर में होटलों की बढ़ती संख्या पर सवाल, सुरक्षा और मंजूरियों की जांच की मांग




जीरकपुर/यूटर्न/18 जून। तेजी से विकसित हो रहे जीरकपुर शहर में होटल और गेस्ट हाउस कारोबार के विस्तार के साथ ही उनकी वैधता, सुरक्षा मानकों और निगरानी व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। मुख्य सड़कों से लेकर रिहायशी क्षेत्रों तक बड़ी संख्या में होटल, गेस्ट हाउस और लॉज संचालित हो रहे हैं, जिससे शहर की योजना व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन पर बहस तेज हो गई है। सूचना के अधिकार (आरटीआइ) के तहत वर्ष 2024 में प्राप्त जानकारी के अनुसार जीरकपुर में केवल 36 होटल ही विधिवत मंजूरशुदा बताए गए थे। वहीं स्थानीय लोगों का दावा है कि वर्तमान में शहर में इससे कहीं अधिक होटल और गेस्ट हाउस संचालित हो रहे हैं। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि इन प्रतिष्ठानों की नियमित जांच और सत्यापन की जिम्मेदारी किस विभाग के पास है और क्या सभी इकाइयां निर्धारित नियमों के अनुसार चल रही हैं।

निवासियों का कहना है कि कई होटल पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था के बिना संचालित हो रहे हैं, जिसके कारण आसपास के क्षेत्रों में ट्रैफिक जाम और अवैध पार्किंग की समस्या बढ़ रही है। इसके अलावा फायर सेफ्टी मानकों, अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) और आपातकालीन सुरक्षा उपायों को लेकर भी चिंताएं जताई जा रही हैं। लोगों का मानना है कि यदि सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

स्थानीय स्तर पर यह मुद्दा भी चर्चा में है कि कुछ इमारतों के नक्शे अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के लिए मंजूर करवाए गए थे, लेकिन बाद में उनमें होटल या गेस्ट हाउस संचालित किए जाने लगे। इससे भवन उपयोग परिवर्तन और टाउन प्लानिंग नियमों के पालन पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। नागरिकों ने नगर परिषद, टाउन प्लानिंग विभाग, फायर विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियों से मांग की है कि शहर में संचालित सभी होटल और गेस्ट हाउसों का व्यापक सर्वे कर उनकी मंजूरी, पार्किंग व्यवस्था, फायर सुरक्षा और भवन उपयोग की जांच कराई जाए।



### *कार्यकारी अधिकारी नहीं उठाते फोन*

*मामले में नगर परिषद का पक्ष जानने के लिए कार्यकारी अधिकारी परविंदर सिंह भट्टी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।*

### अगले महीने चलेगा विशेष जांच अभियान : फायर विभाग

मोहाली के हेड फायर अफसर अमरिंदर पाल सिंह ने बताया कि वर्ष 2024-25 के दौरान दो विशेष अभियान चलाकर होटलों की जांच की गई थी। जिन प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी मानकों की कमी पाई गई, उन्हें आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए थे। कई होटलों ने निर्धारित मानकों को पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि अगले महीने फिर से विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# महिला कांग्रेस ने 2027 चुनावों के लिए कसी कमर, नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

## रेखा अग्रवाल की अध्यक्षता में महिला कांग्रेस की बैठक, संगठन मजबूती पर जोर





जीरकपुर/यूटर्न/18 जून। महिला कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला प्रधान रेखा अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में महिला कार्यकर्ताओं के साथ वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की रणनीति तैयार की गई।

बैठक के दौरान संगठन विस्तार के तहत नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। जिला प्रधान रेखा अग्रवाल ने सभी पदाधिकारियों से पार्टी की नीतियों और विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने तथा महिला कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने, सदस्यता अभियान को गति देने और संगठनात्मक गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर भी चर्चा की गई।

महिला कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूत करने के लिए पूरी लगन से काम करने का भरोसा दिलाया। बैठक को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों में महिलाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रहने वाली है। एक मजबूत और सक्रिय संगठन के माध्यम से पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

# चाचा की हत्या के बाद दोस्त को भी मारी गोली, दोहरे हत्याकांड का आरोपी एसटीएफ के हत्थे चढ़ा





डेराबस्सी/यूटर्न/18 जून। डेराबस्सी के निकट गांव घोलूमाजरा में अपने चाचा की गोली मारकर हत्या करने और शव लेकर फरार हुए आरोपी को हरियाणा एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने गिरफ्तारी से पहले अपने एक दोस्त की भी हत्या कर दी थी।



पुलिस ने दोनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। जानकारी के अनुसार घोलूमाजरा निवासी प्रॉपर्टी कारोबारी राहुल मलिक (45) की बुधवार को उनके कार्यालय में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी साहिल मलिक मृतक का भतीजा है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों के बीच लंबे समय से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि करीब 20 वर्ष पहले साहिल के पिता द्वारा लिया गया होम लोन राहुल मलिक ने चुकाया था, जिसके बाद परिवार में विवाद बढ़ गया था। इसी रंजिश के चलते आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार बुधवार को साहिल घोलूमाजरा स्थित राहुल मलिक के कार्यालय पहुंचा। वहां कहासुनी के बाद उसने पिस्तौल से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। दो गोलियां राहुल को लगीं जबकि कार्यालय में मौजूद सीताराम नामक व्यक्ति भी छर्रे लगने से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी राहुल के शव को उसकी टाटा सफारी में डालकर मौके से फरार हो गया। जाते समय वह कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर भी अपने साथ ले गया।

# हादसे के बाद घंटों सड़क किनारे पड़ा रहा घायल, मौत

## पटियाला चौक पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिला, सड़क हादसे की आशंका



जीरकपुर/यूटर्न/18 जून। संवाद सहयोगी। जीरकपुर के पटियाला चौक क्षेत्र में सड़क किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में मामला सड़क दुर्घटना से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। आशंका है कि दुर्घटना में घायल होने के बाद व्यक्ति लंबे समय तक सड़क किनारे पड़ा रहा और समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार बुधवार शाम एक टाटा मैजिक वाहन की टक्कर से उक्त व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे के बाद वह सड़क किनारे ही पड़ा रहा। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि गुरुवार सुबह करीब 10 बजे तक वह जीवित था, लेकिन बाद में उसकी हालत बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन और चालक की पहचान की जा सके।

यूटर्न टाइम

# पूर्व विधायक संदोआ की मुश्किलें बढ़ीं, होटल में सैक्स रैकेट मामले में एसआईटी करेगी पूछताछ

पंजाब/यूटर्न/18 जून। पंजाब के रोपड़ से आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक अमरजीत सिंह संदोआ की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। पुलिस ने आनंदपुर साहिब के एक होटल में पकड़े गए सैक्स रैकेट के मामले में संदोआ को समन जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया है। डीएसपी रोपड़ के कार्यालय से जारी आदेश के मुताबिक इस मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (SIT) के सामने पूर्व विधायक को 22 जून को सुबह 11 बजे पेश होना होगा। पुलिस ने स्थानीय थानों को निर्देश जारी कर संदोआ



को सूचित करने और मामले से जुड़ी पूरी फाइल एसआईटी के सामने पेश करने को कहा है।

### होटल में चल रहा था सैक्स रैकेट

17 फरवरी को पंजाब पुलिस ने आनंदपुर साहिब के एक होटल पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने वहां चल रहे एक बड़े सैक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया था। इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने संबंधित होटल और आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस की विशेष जांच टीम इस रैकेट में पूर्व विधायक अमरजीत सिंह संदोआ के कनेक्शन और उनकी भूमिका की जांच कर रही है। हालांकि, पुलिस अधिकारियों ने अभी संदोआ की सटीक भूमिका पर खुलकर कुछ भी बोलने से इनकार किया है।

# पुलिस हिरासत में महिलाओं पर अत्याचार का मामला

## पीड़ितों ने न्याय के लिए किया प्रदर्शन, सौंपा मांग-पत्र

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/18/जून। पुलिस हिरासत में महिलाओं पर किए गए अमानवीय अत्याचारों और कथित पुलिसिया दमन के विरोध में लंबे समय से न्याय की आस लगाए बैठे पीड़ित परिवारों ने आज जगरांव थाने के बाहर उग्र प्रदर्शन किया। करीब चार वर्षों से न्याय के लिए संघर्ष कर रहे पीड़ितों ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के पक्षपाती रवैये के खिलाफ कड़ा रोष जताया और थाना प्रभारी (SHO) इंस्पेक्टर परमिंदर सिंह को एक मांग-पत्र सौंपा।



**अदालती आदेशों की पालना की मांग:** प्रदर्शनकारियों ने थाना प्रभारी को माननीय स्पेशल कोर्ट (फास्ट ट्रैक) द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार मामले की वस्तुस्थिति रिपोर्ट (Action Taken Report) शीघ्र अदालत में पेश करने की मांग की। विभिन्न सामाजिक और किसान संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि 15 जुलाई तक उक्त रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत कर दी जाएगी।

### क्या है पूरा मामला ?

पीड़िता मनप्रीत कौर और उनके परिवार को अवैध हिरासत में रखने और उन्हें तीसरे दर्जे (थर्ड डिग्री) की यातनाएं देने का यह मामला लंबे समय से सुर्खियों में है। पीड़ितों का आरोप है कि दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी (FIR) दर्ज करवाने के लिए उन्हें दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं। अंतत:, न्याय की उम्मीद में उन्होंने धारा 175(3) के तहत स्पेशल कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

**पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप...**प्रदर्शन में शामिल नेताओं, निर्मल सिंह धालीवाल, फौजी नछत्तर सिंह, चरत सिंह और इकबाल सिंह रसूलपुर-ने संयुक्त रूप से आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार दोहरी मार झेल रहा है। एक ओर उन्होंने पुलिसिया अत्याचार सहे, तो दूसरी ओर अब वे न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं। आरोप लगाया गया कि पंजाब सरकार के गृह एवं न्याय विभाग द्वारा बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद जगरांव पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज न करना गंभीर लापरवाही और मिलीभगत को दशार्ता है। वक्ताओं ने दावा किया कि इस मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी गुरिंदर बल्ल समेत पुलिस के उच्च अधिकारी संलिप्त हैं, जिन्हें बचाने के लिए कानूनी प्रक्रिया को बाधित किया जा रहा है।

**अंतिम सांस तक जारी रहेगा संघर्ष...**पीड़िता मनप्रीत कौर ने दृढ़तापूर्वक कहा कि वे न्याय मिलने तक चैन से नहीं बैठेंगी। उन्होंने कहा कि अपराधियों को बचाने की यह व्यवस्था उन्हें तोड़ने में नाकाम रहेगी और वे मरते दम तक दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए संघर्ष जारी रखेंगी। इस अवसर पर जसवंत सिंह मान, बलदेव सिंह फौजी, भरपूर सिंह छज्जावाल, जसप्रीत सिंह ढोलण सहित भारी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और पीड़ित परिवार के सदस्य मौजूद थे।

# सीमा पार हथियार तस्करी मॉड्यूल का पदार्फाश, गैंगस्टर गोपी बराड़ नेटवर्क के 8 आरोपी गिरफ्तार, 11 पिस्तौलें बरामद

अमृतसर/यूटर्न/18 जून। पंजाब पुलिस को अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार से संचालित एक अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल का पदार्फाश करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने 11 अत्याधुनिक पिस्तौल और 8 कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि यह पूरी कार्रवाई खुफिया सूचनाओं के आधार पर बेहद सुनियोजित तरीके से की गई। उन्होंने कहा कि बरामद किए गए हथियार कुख्यात गैंगस्टर गोपी बराड़ के नेटवर्क से जुड़ी एक बड़ी खेप का हिस्सा थे, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय सीमा के रास्ते पंजाब पहुंचाया गया था। समय रहते कार्रवाई होने से कई संभावित आपराधिक घटनाओं को टालने में सफलता मिली है।



पकड़े गए आरोपियों की पहचान गुलाबजीत सिंह उर्फ प्रिंस (21), हरप्रीत सिंह उर्फ प्रीत (23), गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी (24), कुलजीत सिंह (39), शमशेर सिंह उर्फ शेरा (40), अमन राणा उर्फ चीनी (20), शरणजीत सिंह उर्फ सनी (29) और अजय सिंह (23) के रुप में हुई है। बरामद हथियारों में चार चीन निर्मित पिस्तौल, चार .30 बोर के पीएक्स-5 मॉडल ऑटोमेटिक पिस्तौल, दो ऑस्ट्रिया निर्मित 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल और 1 अन्य आधुनिक हथियार शामिल हैं। पुलिस के अनुसार ये अत्याधुनिक हथियार गंभीर आपराधिक गतिविधियों में इस्तेमाल किए जा सकते थे।

# मासूम मुस्कान और सादगी भरे अंदाज ने जीता फैंस का दिल



मुंबई/यूटर्न/18 जून। अभिनेत्री राशि खन्ना का एक खूबसूरत और सादगी से भरपूर लुक इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। हल्के रंग की ड्रेस में उनका मासूम अंदाज और चेहरे की नैसर्गिक मुस्कान फैंस को खूब पसंद आ रही है। बिना ज्यादा ग्लैमर के भी राशि की खूबसूरती तस्वीर में अलग ही आकर्षण बिखेर रही है।

खुले बाल, सादगी भरी स्टाइलिंग और आत्मविश्वास से भरी मौजूदगी ने उनके लुक को और भी खास बना दिया है। फैंस का कहना है कि राशि का यह नेचुरल अवतार उनकी असली खूबसूरती को बखूबी दर्शाता है। सोशल मीडिया पर तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है और प्रशंसक उनकी मासूमियत, एलीगेंस और ग्रेस की जमकर तारीफ कर रहे हैं। राशि खन्ना एक बार फिर साबित कर रही हैं कि सादगी में भी आकर्षण की अलग ही चमक होती है।

# निगम मुलाजिमों ने लापरवाही से तोड़ी 66केवी की लाइन, तीन दिन से बिजली बंद, लोग परेशान

लुधियाना/यूटर्न/18 जून। एक तरफ तो पंजाब सरकार द्वारा राज्य को हाईटेक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन दूसरी तरफ निगम मुलाजिमों द्वारा आंखें बंद करके काम करने के कारण हाईटेक परियोजना को खराब कर दिया जा रहा है। दरअसल, कॉलेज रोड पर अंडरग्राउंड बिजली की तारें पड़ी है। लेकिन निगम मुलाजिम पानी लीकेज ठीक करने आए और तारें तोड़ दी। जिस कारण आसपास के कई इलाकों की बिजली बंद हो गई। पिछले तीन दिन से लोग बिजली न आने से परेशान है। हैरानी की बात तो यह है कि पूरे पंजाब में अंडरग्राउंड लाइन ठीक करने के लिए एक्सपर्ट नहीं है। जिसके चलते अब दिल्ली से टीम को बुलाया गया है। कहा जा रहा है कि टीम शुक्रवार को लुधियाना पहुंच जाएगी।



### जेसीबी मारकर तोड़ी मेन लाइन



लुधियाना ज्वेलर्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी मनोज ढांडा ने बताया कि कॉलेज रोड पर पानी लीकेज थी। जिसके चलते निगम मुलाजिम जेसीबी लेकर सड़क तोड़ने आए थे। वे सड़क तोड़ने तो पहुंच गए, लेकिन उन्हें यह ही नहीं पता था कि अंडरग्राउंड बिजली की तारें जा रही है। उन्होंने आते ही सड़क तोड़ी, जिससे 66केवी की लाइन टूट गई। जिससे सिविल लाइन, टैगोर नगर, दंडी स्वामी चौक और कैलाश नगर समेत आसपास के इलाकों की बिजली सप्लाई बंद हो गई। तीन दिन से यह रिपेयर नहीं हो पा रही।

# एयरफोर्स जवान निकला अफीम तस्कर, नाकाबंदी पर 3 किलो अफीम सहित पकड़ा

पंजाब/यूटर्न/18 जून। बरनाला पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भारतीय वायु सेना के एक सिपाही को 3 किलोग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की कड़ाई से की गई पूछताछ में जब आरोपी की असली पहचान उजागर हुई तो पुलिस प्रशासन सहित देश की जांच एजेंसियां भी सतर्क हो गई हैं। पुलिस अब इस बात की गहनता से तफ्तीश कर रही है कि देश की सुरक्षा में तैनात जवान इस काले कारोबार में कैसे शामिल हुआ। मामले की जानकारी देते हुए भदौड़ थाना के प्रभारी हरसिमरनजीत सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को इलाके में नशीले पदार्थों की बड़ी खेप आने की गुप्त सूचना मिली थी। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने खास नाकेबंदी की और संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे सिमरतपाल सिंह नामक युवक को काबू किया। जब उसके पास मौजूद सामान की तलाशी ली गई, तो उसमें से 3 किलो अफीम बरामद हुई।



### शुरूआत में पुलिस को भटकाया

थाना प्रभारी के अनुसार, गिरफ्तारी के शुरुआती दौर में आरोपी ने खुद को बचाने के लिए पुलिस को लगातार गुमराह करने और अपनी पहचान छिपाने का प्रयास किया। हालांकि, जब पुलिस ने पेशेवर तरीके से गहन पूछताछ शुरू की, तो वह ज्यादा देर टिक नहीं सका और उसने अपना सच उगल दिया।

# सीए फाइनल परीक्षा मई 2026 का परिणाम घोषित, 7,931 अभ्यर्थी बने चार्टर्ड अकाउंटेंट

नई दिल्ली/यूटर्न/18 जून। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) फाइनल परीक्षा मई 2026 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस बार देशभर से हजारों अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 7,931 उम्मीदवार सफल होकर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने में कामयाब रहे हैं। जारी परिणाम के अनुसार ग्रुप-1 में 54,606 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनमें से 6,555 उम्मीदवार सफल रहे। इस ग्रुप का उत्तीर्ण प्रतिशत 12 प्रतिशत दर्ज किया गया। वहीं ग्रुप-2 में 42,573 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 8,725 उम्मीदवार सफल हुए और पास प्रतिशत 20.49 प्रतिशत रहा। दोनों ग्रुप एक साथ देने वाले 23,776 अभ्यर्थियों में से 3,345 उम्मीदवार सफल रहे, जिससे इस श्रेणी का पास प्रतिशत 14.07 प्रतिशत दर्ज किया गया। ऑल इंडिया रैंकिंग में पटियाला के नूर सिंगला ने 499 अंक (83.17 प्रतिशत) हासिल कर देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर हावड़ा के रितिज साराफ रहे, जिन्होंने 475 अंक (79.17 प्रतिशत) प्राप्त किए। तीसरा स्थान डोंबिवली (पूर्व) के सोहन अनिल मांजरेकर ने 473 अंक (78.83 प्रतिशत) के साथ हासिल किया। यह परिणाम अभ्यर्थियों के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। सफल उम्मीदवार अब देश की वित्तीय और लेखा व्यवस्था में पेशेवर भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।




# पुराने मकान को गिराते समय लेंटर गिरा, गुरुद्वारे के मुख्य सेवादार समेत 2 की मौत

अमृतसर/यूटर्न/18 जून। अमृतसर में मकान का लेंटर गिरने से गुरुद्वारा दमदमा साहिब भिंडी औलख के मुख्य सेवादार बाबा मुख्तार सिंह समेत दो लोगों की मौत हो गई। मुख्तार सिंह साथियों के साथ गांव सैदपुर में एक पुराने मकान को गिराने का काम कर रहे थे, तभी अचानक मकान का लेंटर भरभराकर नीचे आ गिरा। मलबे की चपेट में आने से बाबा मुख्तार सिंह और अजेपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। बाबा मुख्तार सिंह गुरुद्वारा दमदमा साहिब भिंडी औलख में लंबे समय से सेवा कर रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग परिवार के साथ दुख साझा करने पहुंचे। फिलहाल हादसे के कारणों को लेकर जांच की जा रही है।



# श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर ठंडे मीठे जल की लगाई छबील

लुधियाना/यूटर्न/18 जून। लुधियाना चौड़ा बाजार में श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर ठंडे पानी की छबील ललित धवन, वेद प्रकाश और सतीश धवन की अध्यक्षता में लगाई जाती है। जिसमें मुख्य मेहमान के तौर पर पूर्व विधायक सुरिन्दर डावर और ब्लॉक प्रधान विपन अरोड़ा उपस्थित हुए। इस मौके पूर्व विधायक सुरिन्द्र डावर ने कहा कि यह बहुत ही पुण्य का काम है। इस अवसर पर ललित धवन, वेद प्रकाश, सतीश धवन, सतीश वेद, जतिंद्र नंदा, कपिल किशोर गुप्ता, हनी धवन, टोनी खन्ना, सुन्दर लाल, आकाश अरोड़ा, नीरज धवन, अनिल जुनेजा, हनी खन्ना, अनिल अग्रवाल, करण कनौजिया, राजू, अंकित शर्मा, बॉबी गुप्ता, अंकुश अरोड़ा, मोंटी गुप्ता, गोपी, सूरज, अमन ढींगरा, राणा और राकेश खन्ना आदि उपस्थित थे।



# सड़क हादसे में महिला की मौत का जिम्मेदार ऑटो चालक गिरफ्तार, तेज गति से चला रहा था ऑटो

पंचकूला/यूटर्न/18 जून। पंचकूला में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने वाले ऑटो चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दुर्घटना में एक महिला की जान चली गई थी जबकि दो अन्य यात्री घायल हुए थे। जानकारी के अनुसार यह हादसा 16 जून को हुआ था जब कालका निवासी व्यक्ति पंचकूला के सिविल अस्पताल सेक्टर-6 से दवाई लेकर वापस कालका जाने के लिए ऑटो में सवार हुए। रास्ते में ऑटो चालक ने अन्य यात्रियों को भी वाहन में बैठाया और वाहन को तेज गति से चलाता रहा। जब ऑटो सुरजपुर पुल के समीप पहुंचा तो चालक वाहन की गति पर नियंत्रण नहीं रख पाया और सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन में सवार बुजुर्ग महिला रेवा गंभीर रूप से घायल हो गई।



Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372